चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 201 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
14 जनवरी 2025 मंगलवार

आज का मौसम
26 अधिकतम
9 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page-7



## साधुओं की चरण-रज लेने दौड़े श्रद्धालु

### प्रयागराज महाकुंभ में पहला शाही स्नान

प्रयागराज एजेंसी। महाकुंभ का पहला अमृत स्नान (शाही स्नान) आज सुबह 6.15 बजे से शुरू हुआ। संन्यासियों के हाथों में तलवार-त्रिशूल, डमरू, पूरे शरीर पर भभूत और घोड़े और रथ की सवारी के नजारे दिखे। हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए नागा साधु-संत संगम पहुंचे और डुबकी लगाई। निर्वाणी-निरंजनी अखाड़े के संत स्नान के बाद महाकुंभ के सबसे बड़े जूना अखाड़े के संत संगम के लिए निकले। आवाहन, अग्नि, किन्नर अखाड़े के संत साथ भी रहे। नागा साधु-संत करतब दिखाते हुए संगम तक पहुंचे। नागा साधुओं का अमृत स्नान देखने के लिए संगम क्षेत्र में 15 से 20 लाख श्रद्धालु यहां मौजूद रहे। देश-दुनिया से आए भक्त भी आज साधु-संतों का आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक रहे। कोई पैर छूने के लिए दौड़ पड़ा तो कोई उनकी चरण रज माथे से लगाता रहा। जानकारीके मुताबिक, आज दोपहर तक करीब डेढ़ करोड़ श्रद्धालुसंगम में स्नान कर चुके हैं। कल से आज तक 3 करोड़ लोगों ने गंगा में डुबकी लगा चुके हैं।

**महाकुम्भ में प्रथम अमृत स्नान:** आज तड़के प्रयागराज में नागा संन्यासियों, योगियों, महंतों, महामंडलेश्वरों की टोलियां रथों, हाथी, घोड़ों और ऊंटों पर सवार होकर पहुंची।

**एप्पल की मालकिन कल्पवास पर:** महाकुंभ में एप्पल की मालकिन लॉरेन पॉवेल जॉब्स कल्पवास के लिए पहुंच गई हैं। उनके गुरु निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद ने उनको कल्पवास के लिए महाकुंभ में कमला नया नाम दिया है। वे आज कैलाशानंद के साथ रथ पर सवार होकर अमृत स्नान (शाही) स्नान के लिए पहुंचीं तो अमेरिका के अरबपति कारोबारी स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन को भगवा वस्त्र में देखकर दुनियाभर की मीडिया भी स्तब्ध रह गई।

## बिहार में दही-चूड़ा: दो घंटे पहले ही पहुंचे नीतिश, नदारद थे चिराग

पटना, एजेंसी

आज मकर संक्रांति पर पटना में सभी राजनीतिक दल अपने कार्यालय में चूरा-दही भोज का आयोजन कर रहे हैं। आगामी चुनाव के नजरिये से खासा गौरतलब भी है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी ने भी भोज का आयोजन तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को न्यौता भी दिया गया। बताते हैं सीएम कार्यालय की ओर से नीतीश के आने का समय आज दोपहर 12 बजे तक दिया गया था। लेकिन, सीएम नीतीश दो घंटा पहले ही पहुंच गए। इस दौरान चिराग पासवान मौजूद ही नहीं थे। 10 मिनट तक रुकने के बाद सीएम नीतीश कुमार रवाना हो गए। इस घटना के बाद सियासी गलियारे में चर्चाओं का बाजार गर्म है। इधर, लोक जनशक्ति अध्यक्ष और अध्यक्ष ने सीएम नीतीश कुमार का स्वागत किया। इसके बाद बिना भोज खाए ही सीएम नीतीश कुमार रवाना हो गए।

## एचएमपीवी वायरस के देश में अब 18 मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के देश में कुल 18 मामले हो गए हैं। पुडुचेरी में एक और बच्चा पॉजिटिव आया है। इससे पहले 3 और 5 साल के दो बच्चे संक्रमित पाए गए थे। पुडुचेरी के मेडिकल सर्विस डायरेक्टर वी रविचंद्रन ने कहा- बच्चे को बुखार, खांसी जैसी शिकायतें थीं। उसे 10 जनवरी को जेआईपीएमईआर में भर्ती कराया गया था। बच्चा ठीक हो रहा है। देश में इस वायरस के सबसे ज्यादा 4 मामले गुजरात में हैं। महाराष्ट्र में 3, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, यूपी, राजस्थान, असम और बंगाल में एक-एक केस सामने आया है। केस बढ़ने पर अब राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर, गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं।

## कोहरा-ठंड, कल से फिर बारिश के आसार

भोपाल.दोपहर मेट्रो

आज मकर संक्रांति पर मध्यप्रदेश में कोहरे का असर रहा। भोपाल, ग्वालियर समेत 20 से ज्यादा जिलों में कोहरा छाया। हालांकि भोपाल में सुबह धूप जल्द निकलने से लोगों ने राहत महसूस की लेकिन ठंड का तीखापन बरकरार है।अब वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन संभाग में बारिश के भी आसार हैं। सिस्टम के गुजरने के बाद 17 जनवरी से ठंड का असर फिर बढ़ जाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक कल से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इसका असर 15 और 16 जनवरी को प्रदेश में देखने को मिलेगा। सिस्टम जैसे ही गुजरेगा, प्रदेश में ठंड का असर फिर से बढ़ जाएगा। उत्तरी हवा की दस्तक के साथ प्रदेश के ज्यादातर जिले शीतलहर की चपेट में हैं। भोपाल, नर्मदापुरम में कोल्ड-डे तो इंदौर, उज्जैन कोल्ड-डे की चपेट में रहा।

### प्रयोग-दर-प्रयोग : राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए नए फार्मूले पर काम शुरू

# सरकार की मंशा को नई नीति में फिट करने की तैयारी में अफसर

भोपाल.दोपहर मेट्रो

प्रदेश में शराबबंदी पर बीते दो दशक में सरकारें अलग-अलग प्रयोग करती आई है। अब मोहन यादव सरकार का नया ऐलान प्रशासनिक व राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय है इसे सरकार का एक कदम आगे बढ़ने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। अब माना जा रहा है कि उज्जैन व महेश्वर समेत 10 से अधिक धार्मिक शहरों में मोहन सरकार 100 फीसद शराबबंदी करने जा रही है। नई शराब नीति में इसका प्रावधान किया जाएगा। हालांकि इन क्षेत्रों में शराबबंदी से सरकार को खजाने में राजस्व का करीब चार सौ करोड़ का नुकसान हो सकता है लेकिन इसकी भरपाई के रास्ते खोजे जा रहे हैं। शराब की कीमतों को भी पड़ोसी राज्यों की कीमतों के लिहाज से तय करने की कोशिशें हैं इससे मप्र में भी लाइसेंसी शराब दुकानों पर बिकने वाली शराब की कीमतें कम हो सकती हैं। हालांकि अफसरों का मानना है कि शराबबंदी वाले क्षेत्रों में 'लीकेज' रोकना मुश्किल भरा है,इस निर्णय के चलते अवैध शराब माफिया को भी नियंत्रित रखने की चुनौती होगी। हालांकि नीति का मसौदा तैयार कर लिया गया है। उधर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पूर्ण शराबबंदी की मांग उठा दी है।

गौरतलब है कि सीएम ने कहा है कि धार्मिक नगरों में साधु-संतों ने शराब दुकानें बंद करने के सुझाव दिए हैं, उनका परीक्षण करवा रहे हैं। वहीं धार्मिक नगरों का वातावरण प्रभावित होने संबंधी शिकायतें भी मिल रही है धार्मिक नगरों की पवित्रता के लिये सरकार नीति में सुधार कर धार्मिक नगरों में शराबबंदी लागू करने पर विचार कर रही है।

अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि नीति में सख्ती से तय किया जाएगा कि धार्मिक शहरों की सीमा के अंदर नई दुकानें नहीं खुलेंगी। पुरानी दुकानों को भी बंद कराया जाएगा। बाहर से लाकर शराब बेचने वालों को जेल जाना पड़ सकता है। इसके लिये सख्त प्रावधान बनाए जायेंगे। आज भी कई ऐसे शहरों में शराब की होम डिलीवरी तक के मामले सामने आते रहे हैं। दरअसल, पूर्व सीएम शिवराज सिं चौहान ने अपने कार्यकाल में 2016-17 में कहा था कि नर्मदा नदी के किनारे 5 किमी के दायरे में शराबबंदी करेंगे। यह नर्मदा नदी के प्रवाहित होने वाले 20 जिलों के लिए अभी लागू है। इसके अलावा उज्जैन समेत धार्मिक शहरों में भी मुख्य स्थानों से 100 से 200 मीटर के दायरे में पाबंदी थी। हालांकि इसका पूरी तरह पालन नहीं कराया जा सका है। पूर्व सीएम उमा भारती ने भी नशे को खत्म करने को लेकर बीड़ा उठाया था। खास बात यह है कि शराबबंदी के इस ऐलान के कुछ ही दिन पहले सीएम मोहन यादव पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती से मिले थे जो शराबबंदी के लिए कई बार मुखर रही हैं।



### ये है धार्मिक स्थल

ओंकारेश्वर,मंडला पत्रा दतिया, जबलपुर (आस्था नगरी), चित्रकूट, सलकनपुर, अमरकंटक, महेश्वर, उज्जैन, मुलताई, मण्डलेश्वर, पशुपतिनाथ मंदिर, मंदसौर ग्वारीघाट व .ब्रहमान, नरसिंहपुर

### सीएम चित्रकूट में

मध्य प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव आज मकर संक्रांति पर चित्रकूट जाएंगे। वे शाम 4 बजे चित्रकूट से रीवा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद 6 बजे रीवा से भोपाल वापस लौटेंगे।

**मेट्रो एंकर**

### नो ट्राउजर डे का चलन दुनिया के कई देशों में पहुंचा

# अजब क्रेजी: माइनस 3 डिग्री में बिना पतलून सफर करने उमड़े लोग !



लंदन, एजेंसी

यदि कड़कड़ाती ठंड में, जब पारा शून्य से नीचे हो तब यदि कमर से ऊपर पूरे कपड़े, पैरों में जूते-मोजे, लेकिन कमर से नीचे मात्र एक इनरवियर पहने कोई नजर आए तो..? यही सीन लंदन मेट्रो में देखा गया तो कई लोगों को हैरान कर गया। ये स्थिति तब थी जब अभी लंदन का तापमान शून्य से तीन डिग्रीनीचे था। दरअसल उत्सवप्रेमी लंदनवासी लंदन ट्यूब नो टर्जर डे मना रहे थे। यानी कि वो दिन जब उन्हें लंदन मेट्रो में पतलून, पैंट, पजामा नहीं पहनना था। बता दें कि लंदन में मेट्रो को ट्यूब कहा जाता है। इस अभियान में लड़कियां और महिलाएं भी दिखीं और वे भी कमर के नीचे मात्र इनरवियर में थीं। रविवार को लंदन में वेस्टमिनिस्टर, वाटरलू, साउथ केनसिंगटन, चाइनाटाउन जैसे मेट्रो स्टेशनों पर ऐसे सैकड़ों पुरुष और महिलाएं दिखीं जिन्होंने पतलून या पजामा नहीं पहन रखा था।

उल्लेखनीय है कि जनवरी 2002 में न्यूयॉर्क में मात्र सात लोगों के साथ शुरू हुआ यह क्रेज दुनिया भर में फैल चुका है और इस साल लंदन में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों प्रतिभागी शामिल हुए। इस क्रेज का कॉन्सेप्ट देखने वाले चार्ली टोड ने बीबीसी से कहा, इसका मुख्य उद्देश्य खुशी, आनंद और उलझन के अप्रत्याशित क्षणों का सृजन करना है। उन्होंने कहा, मैं इस परंपरा को जीवित देखकर बहुत खुश हूं, इसका उद्देश्य बिना उद्देश्य के हानिरहित मनोरंजन करना है। अपने कार्यक्रम का मकसद बताते हुए चार्ली टोड ने कहा, निश्चित रूप से, हम ऐसे माहौल में रह रहे हैं जहां लोग सांस्कृतिक युद्ध लड़ना पसंद करते हैं और न्यूयॉर्क में मेरा नियम हमेशा से यही रहा है कि मेरा लक्ष्य अन्य लोगों का मनोरंजन करना, लोगों को हंसाना है। यह किसी को भड़काने या परेशान करने के लिए नहीं है, इसलिए उम्मीद है कि यह भावना जारी रहेगी। लंदन के चाइनाटाउन मेट्रो स्टेशन एंट्री गेट पर दर्जनों लोग बर्फीली सड़कों से होते हुए मध्य लंदन के पिकाडिली सर्कस अंडरग्राउंड स्टेशन पहुंचे, जहां वे अपनी पहली ट्रेन में सवार हुए। यहां उन्होंने पूरे कपड़े पहने हुए थे जब वे लोग रूप में अंदर पहुंचे तो समस्या यह थी कि ठंड के मौसम के कारण मेट्रो के डिब्बे इतने भरे थे कि कुछ लोगों के पास अपनी पतलून उतारने की जगह नहीं थी। हालांकि वे किसी तरह ऐसा करने में कामयाब हो ही गए।

### जो अनजान थे, वे हैरान थे



लंदन के इन क्रेजी लोगों ने प्लेटफार्म पर पोज दिए, ट्रेनों में सफर किया और सेल्फी ली। हालांकि मेट्रो में सवार कई लोगों को इस बारे में जानकारी ही नहीं थी इसलिए जब भी उन्होंने बिना पजामे के लड़के-लड़कियों को देखा उन्हें गजब की हैरानी हुई। बता दें कि बिना पतलून का दिन मनाने की परंपरा दुनिया में रही है। इस दिवस को बर्लिन, प्राग, येरुशलम, वार्सा और वाशिंगटन डीसी में मनाया जा रहा है, न्यूयॉर्क में ये उत्सव 2002 में हुआ लेकिन लंदन पहुंचते पहुंचते 2009 आ गया।

## टीम इंडिया के खिलाड़ियों के साथ नहीं रहेंगी पत्नियां, नियम बदले

### कोच गंभीर के निजी मैनेजर को टीम से अलग रहना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

टीम इंडिया की ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद अब बीसीसीआई ने बड़ा एक्शन किया है। क्रिकेटर के परिवारों को लेकर सख्त नियम बनाए हैं। नए नियमों के तहत कोई टूर्नामेंट 45 या उससे ज्यादा दिनों का है तो परिवार को खिलाड़ियों के साथ सिर्फ 14 दिन रहने की इजाजत होगी, और अगर टूर इससे कम दिनों का है तो यह 7 दिन हो सकता है। यानि नए नियमों के तहत पूरे टूर्नामेंट के दौरान पत्नियां खिलाड़ियों के साथ नहीं रह सकेंगी। अब सभी खिलाड़ियों को टीम की बस में यात्रा करनी होगी। वहीं मुख्य कोच गौतम गंभीर के निजी मैनेजर को भी वीआईपी बॉक्स या टीम बस में बैठने की इजाजत नहीं होगी। उन्हें किसी दूसरे होटल में रहना होगा। अगर खिलाड़ियों का सामान 150 किलो से ज्यादा है तो बीसीसीआई खिलाड़ियों को दिए जाने वाले अतिरिक्त सामान शुल्क का भुगतान भी नहीं करेगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में संपन्न पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया को 1-3 से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी है। इस वजह से भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के लिए भी क्वालिफाई नहीं कर पाई है। इस हार के बाद टीम के मुख्य कोच और सीनियर खिलाड़ियों के बीच मनमुटाव जैसी खबरें भी सामने आ चुकी हैं।

## पत्रकारों-शिक्षाविदों का सम्मान

भोपाल दोपहर मेट्रो। माधवराव सप्रे स्मृति समाचारपत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान के राज्य स्तरीय पुरस्कार आज दिये जा रहे हैं। संग्रहालय के संस्थापक और वरिष्ठ पत्रकार विजय दत्त श्रीधर ने बताया कि वरिष्ठ पत्रकार अतुल तारे को हुक्मचंद नारद सम्मान, आशीष दुबे को झाबरमल्ल शर्मा पुरस्कार, मनोज जोशी को माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार से उच्च शिक्षा, आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार शासन, नवाजेंगे। दक्षा वैदकर,सारिका ठाकुर,दिनेश शुक्ला को भी सम्मानित किया जाएगा। लोक संप्रेषण पुरस्कार राजेश पांडेय को दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलगुरु आचार्य डॉ, एस के जैन होंगे।

# शीतलहर से कांपी राजधानी





**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** उत्तरी हवा की दस्तक के साथ प्रदेश के ज्यादातर जिले शीतलहर की चपेट में हैं। मंगलवार को भी भोपाल में कोल्ड-डे रहा। शहर में घना कोहरा रहा। आज से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। 17 के बाद तापमान में फिर गिरावट आएगी।

### अब रेलवे ओवरब्रिज निर्माण का काम हुआ शुरू

# 6 महीने से नया रेलवे स्टेशन तैयार, शुरु होने करना पड़ेगा और इंतजार

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

अब राजधानी के पुराने इलाके छोला से निशातपुरा तक बनाए जाने वाले रेलवे ओवरब्रिज ( आरओबी ) का काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिये कांक्रीट प्लांट लग चुका है और जरूरी मशीनरी भी आ गई है। रेल मंडल के सिग्नल एंड टेलीकॉम डिपार्टमेंट द्वारा ब्रिज बनने में आड़े आ रही आधा दर्जन सिग्नल केबिल को हटाने का काम शुरू किया जा रहा है। इससे उम्मीद बंध रही है कि जल्द निशातपुरा रेल्वे स्टेशन भी शुरू हो पाएगा। अधिकारियों के मुताबिक यह आरओबी अगले साल के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बन जाने से करीब ढाई लाख लोगों का आवागमन आसान हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि जल्द निशातपुरा क्षेत्र में नया स्टेशन शुरू होने वाला है। इस संबंध में भोपाल मंडल की ओर से पमरे जोन के माध्यम से प्रस्ताव रेल्वे बोर्ड को भेजा है। भोपाल सांसद आलोक शर्मा का कहना है कि जल्द ही रेल अधिकारियों के साथ मीटिंग करेंगे। इसमें निशातपुरा स्टेशन से रेल यातायात शुरू करने की दिशा में बातचीत करेंगे। इस स्टेशन के मद्देनजर छोला रोड तरफ की 20 से ज्यादा कॉलोनियों से लेकर अयोध्या बायपास, भानपुर के ढाई लाख से ज्यादा लोगों को निशातपुरा क्षेत्र में आवागमन के लिए आरओबी की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है। इसी को देखते हुए आरओबी का निर्माण किया जा रहा है। अभी आलम यह है कि निशातपुरा, कोच फैक्ट्री सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को रेलवे ट्रैक के नीचे बने मिनी अंडरब्रिजों से छोला तरफ आवागमन करना पड़ता है। इनका साइज काफी छोटा होने के कारण उनमें से छोटी कार तक को निकालने में दिक्कत होती है। साथ ही निशाातपुरा क्षेत्र के लोगों को घूमकर लंबी दूरी तय कर भारी ट्रैफिक के बीच शवयात्राओं तक को छोला विश्रामघाट तक ले जाना पड़ता है। ओवरब्रिज को छोला रोड पर एफसीआई मालगोदाम के गेट के सामने ऐसे स्थान पर उतारा जाएगा, जहां से अयोध्या बायपास तरफ आवागमन में आसानी हो जाएगा। वहां से अयोध्या बायपास तक आवागमन में निशातपुरा से मात्र 25 मिनट ही लगेंगे।






### 6 महीने से तैयार है स्टेशन

बताया जाता है कि भोपाल मंडल ने निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं को लेकर इंतजाम पूरे कर लिए हैं। यहां पर खानपान की सुविधाएं देने वाले स्टाल के टेंडर जल्द ही जारी किए जाएंगे। भोपाल के चौथे बड़े स्टेशन के रूप में निशातपुरा पर रेल यातायात शुरू होने से नए व पुराने शहर के लगभग एक लाख से अधिक यात्रियों को लाभ मिल सकेगा। यात्रियों को ट्रेन पकड़ने के लिए बैरागढ़ नहीं जाना होगा। वहीं, भोपाल व रानी कमलापति स्टेशन पर रेल यातायात दबाव कम हो सकेगा। निशातपुरा स्टेशन पर केटरिंग, रेलवे टिकट काउंटर खुलने के साथ अन्य काम पूरे हो चुके है।

# अब गर्भ में ही पता चल सकेंगे आनुवंशिक विकार

### एम्स की स्टडी, प्लेसेंटा से एक छोटे नमूने की जांच से मिलेंगे निष्कर्ष

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

अब गर्भावस्था के शुरुआती महीनों में ही भ्रूण में आनुवंशिक विकारों का पता लगाया जा सकेगा और जन्म के साथ दोषों को रोका जा सकेगा। ताकि भविष्य में जन्म लेने वाले बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। दरअसल भोपाल में एम्स के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने कोरियोनिक विलस सैम्पलिंग ( सीवीएस ) प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की है। यह प्रक्रिया भ्रूण में किसी भी आनुवांशिक विकार की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कोरियोनिक विलस सैम्पलिंग ( सीवीएस ) एक प्रीनेटल टेस्ट है, जिसमें गर्भवती महिला के प्लेसेंटा से एक छोटा नमूना लिया जाता है। इस नमूने की जांच करके भ्रूण में किसी भी तरह की आनुवांशिक समस्या का पता लगाया जा सकता है। यह प्रक्रिया सुरक्षित और प्रभावी- चिकित्सकों का कहना है कि प्रसवपूर्व यह परीक्षण उन गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी है, जिनके परिवार में आनुवांशिक बीमारियों का इतिहास रहा हो या जिनकी उम्र 35 साल से अधिक हो चुकी है। एम्स भोपाल में विजिटिंग फीटल मेडिसिन कंसल्टेंट डॉ. मनुप्रिया माधवन ने यह प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की है। उनके अनुसार, यह प्रक्रिया सुरक्षित और प्रभावी है।




### स्कूल में लगी प्रदर्शनी, बच्चों ने बनाए माडल

**हिरदाराम नगर.** साधु वासवानी स्कूल में लगी प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कला एवं विज्ञान की समझ सामने आ रही है। प्रदर्शनी में श्रीराम मंदिर अयोध्या की प्रतिकृति, हाइड्रोलिक डेम, स्मार्ट सिटी, न्सूक्लीयर प्लॉट, हिमोडायलिसिस, एसीटेन, विलेज एवं आर्ट एण्ड कॉफ्ट में टूटी कुर्सियों से सोफा, न्यूज पेपर से कॉफ्ट मटेरियल, जूट से फ्लावर पोर्ट खास हैं। प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बसंल ने प्रदर्शनी में बच्चों की मेहनत है। प्रदर्शनी शिक्षा के साथ बच्चों के समग्र विकास के लिए विद्यालय के प्रयास को प्रदर्शित करने वाली है। संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी का कहा, प्रदर्शनी के हर माडल में उनकी रचनात्मक को सामने रखने वाला है।

### विवेकानंद जयंती पर हुआ व्याख्यान और भाषण

**हिरदाराम नगर.** अनंदराम टी. शाहानी विद्यालय एवं सिंधु माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में नवयुवक सभा में स्वामी विवेकानन्द जयंती पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अंजलि पाटिल एवं सौरभ पाटीदार ने अपने विचार रखे। शिक्षकगण व विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंदजी के जीवन पर तत्कालिक भाषणों में कहा कि स्वामी विवेकानंदजी की शिक्षाओं ने समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राचार्या ज्योति चौहान ने कहा कि विवेकानंद के विचार मात्र से ही राष्ट्रभक्ति और युवा शक्ति कि अनुभूति होती है। इस अवसर पर सभा में विष्णु गेहानी, वासदेव वाधवानी, सुरेश राजपाल, धर्मप्रकाश मोटवानी, पुरषोतम टिलवानी एवं प्रधानाचार्या प्रिया धर्मदासानी व समस्त शिक्षकगण व विद्यार्थी वर्ग सम्मिलित हुए।

### 26 को कोलार मे होगा 'मां तुझे प्रणाम'

**भोपाल।** भारतमाता की आराधना एवं देशभक्ति से ओतप्रोत मध्यप्रदेश के देशभक्ति के कार्यक्रम मां तुझे प्रणाम का आयोजन निरंतर 15 वें वर्ष मे गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को शाम 5 बजे कोलार मे जे के हॉस्पिटल के सामने मुख्य चौराहे पर भारत माता की विशाल महाआरती से प्रारम्भ करके होगा। गणतंत्र दिवस पर शाम 5 बजे हजारों दीपको से भारतमाता की विशाल महाआरती से मां तुझे प्रणाम कार्यक्रम प्रारम्भ होगा।

# सांसद का बयान ' पुराने भोपाल में ही रहेंगे कलेक्टर और एसपी ऑफिस' का समर्थन

### सिंधी सेंट्रल पंचायत ने कहा- सांसद बिल्कुल सही

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सिंधी सेंट्रल पंचायत, संतनगर ने कलेक्टोरेट एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय शिफ्ट नहीं होने के बयान का समर्थन किया है। पंचायत ने कहा है कि जनता से जुड़े सरकारी दफ्तर शहर के मध्य में ही होना चाहिए, जहां आम आदमी आसानी से पहुंच सके। पंचायत के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश इसरानी एवं महासचिव सुरेश जसवानी ने कहा है कि कुछ समय से वर्तमान कलेक्टर कार्यालय एवं एसपी कार्यालय को नए भोपाल में शिफ्ट किए जाने का प्रस्ताव लाया गया है, जिसके लिए जमीन की तलाश की जा रही है। पंचायत ने कहा है कि अगर इन कार्यालयों को वर्तमान स्थल से शिफ्ट किया जाता है, तो इससे संतनगर, गांधीनगर, एयरपोर्ट रोड से लेकर ग्राम कोलूखेड़ी जो कि नगर निगम सीमा में शामिल हैं, की जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा क्योंकि अधिक दूरी पर शिफ्ट किए जाने से न केवल वहां आने-जाने का खर्च बड़ेगा बल्कि समय भी अधिक नष्ट होगा खासतौर पर महिलाओं, वृद्धजनों, विकलांगों को इससे परेशानी होगी।

**आरटीओ, नगर निगम आफिस से परेशानी:** पंचायत ने कहा है कि पूर्व में आरटीओ कार्यालय शहीद गेट सुल्तानियां स्टेट बैंक के समीप था, जहां वर्तमान में कोहेफिजा थाना है, के अलावा नगर निगम मुख्यालय को भी अरेरा कॉलोनी के समीप एवं उससे आगे शिफ्ट कर दिया गया है, जिसके बाद से गांधीनगर, संत हिरदाराम नगर से लेकर ग्राम फंदा तक हजारों लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### नशामुक्त भारत के लिए निकली रैली

**हिरदाराम नगर.** साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय में छात्रावास नशा मुक्ति समिति का गठन गया है। नशा मुक्त भारत अभियान के चलते समिति के बैनर तले विद्यार्थियों, स्टाफ ने नशा मुक्ति रैली निकाली एवं नुक्कड़ नाटक किया। रैली श्रीराम मंदिर बेहटा गांव से निकली और लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की। छात्रावास प्रभारी भारती ख्यानी, छात्रावास अधीक्षिका रितु लालवानी, छात्रावास समिति सदस्य नेहा संतानी, पुरषोत्तम लालवानी, छात्रा दिया पडित, दिया शर्मा, तन्वी, स्नेहा छुगानी, अबिदाव अन्य रैली में शामिल हुए। प्राचार्य डॉ ए.के. सिंह ने अभियान की सराहना की है।

**मेट्रो एंकर**

### संतनगर में गूंज रहा हरि ओम नमःशिवाय

# संक्रांति पर स्नान और दान का महत्वः मुकेशजी



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

पूर्ण ज्योति सेवा संस्था भोले के दरबार द्वारा तीन दिवसीय हरि ओम नमः शिवाय धुनी का आयोजन किया जा रहा है, शिवपुराण कथा वाचक मुकेशजी ने शिवजी की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित कर शिवधुनी की शुरूआत की। तेजवानी हाल झूलेलाल मंदिर में आयोजित धुनी की शुरूआत से पहले मुकेशजी ने कहा कि यह धोनी मकर संक्रांति के पवित्र अवसर पर रखी गई है। संक्रांति के साथ ही शुभ मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान का नाम कीर्तन जीवन में बहुत अधिक फलदाई होता है। संक्रांति पर दान का महत्व बताते हुए मुकेशजी ने कहा, पर्व पर स्नान कर दान का महत्व है। हर व्यक्ति को निर्धनजनों को दान देना चाहिए।

**यह प्रमुख जन शामिल हुए:** माधू चंदवानी, नंद कुमार दादलानी, जगदीश असवानी हीरो इसरानी, कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी, आनंद सबनानी, महेश खटवानी, कमलेश रायचंदानी कैलाश साधवानी, मुन्ना आडतानी, महासचिव जितेश सदारंगाणी, हरीश कुमार लालवानी, जॉनी कुमार मूलचंदानी, रमेश कृष्णानी, डॉ आशीष लवंघाणी, ओम आसनानी, किशोर साधवानी, प्रकाश मीणा नानक ददलानी प्रभु दास मूलचंदानी, किरण वाधवानी व ब?ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गुरूनानक मंडल ने संक्रांति पर महाकुंभ की पतंगें, लड्डू बांटे




**हिरदाराम नगर.** भारतीय संस्कृति के महापर्व, विश्व का सबसे बड़ा मेला कुंभ उत्तरायण के साथ आरम्भ हो चुका है, गुरुनानक मण्डल द्वारा संक्रांति के पर्व पर ब्राह्मणों द्वारा स्वस्तिवाचन कर विधि विधान के साथ आम जन को महाकुंभ की पतंग एवं तिल्ली के लड्डू वितरित किए। गुरुनानक मण्डल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया कि 144 वर्ष बाद आये सदी के सबसे बड़े आद्यात्मिक और धार्मिक महापर्व महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है, इस उपलक्ष्य में भोपालवासियों को कुंभ एवं संक्रांति के पावन पर्व की शुभकामनाएं दे कर पतंग एवं लड्डू वितरित कर रहे है। महंत अनिलानंद ने कहा यह आयोजन न केवल कुंभ मेले की शुरुआत के अवसर पर मनाया जा रहा है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक परंपराओं को भी प्रदर्शित करता है। उन्होंने आगे कहा कि कुंभ मेला हमारे देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है इस अवसर पर पंडित विजय बाजपाई, पंडित कृष्णकांत, पंडित शांता महराज, सुनील सराठे, राजकुमारी डागोर, मुकेश गांठे सहित आमजन उपस्थित थे।

### एलवीएस के विद्यार्थियों ने पदक हासिल किए

**हिरदाराम नगर.** लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ स्कूल, गांधीनगर के विद्यार्थियों ने वर्ल्ड ट्रेडिशनल शोटोकन कराते फेडरेशन चैम्पियनशिप में तीन स्वर्ण, पांच रजत और 10 कांस्य पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में डोली मीणा, हर्षिता जवरानी एवं भारती पटेल ने स्वर्ण पदक हासिल किए। दिव्यांशी वर्मा, याशिका मेवाड़ा, रूचि मीणा, अल्का, स्नेहा-ग्यारहवीं ने रजत पदक हासिल किए। प्रियल शर्मा, जैसिका, भूमि घोषी, जानवी उपाध्याय, खुशी मारन, निहारिका नागर, रेनुका गुड़िया, प्रियांशी मीणा, डोली प्रजापति, प्रिया ने कास्य पदक जीते। अब प्रथम एवं द्वितीय स्थान पाने वाली छात्राएं मई जून में राष्ट्रीय कराते चैम्पियनशिप में भाग लेंगी।

### पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे ने निभाई है फिल्म में एक भूमिका

# दिग्विजय के शो 'जंगल सत्याग्रह' से दूर रही भाजपा ब्रिगेड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा बैतूल के आदिवासी नायकों पर आधारित फिल्म 'जंगल सत्याग्रह' के प्रीमियर शो से भाजपा के सभी नेता दूर रहे। फिल्म में 1930 में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जल, जंगल और जमीन के लिए आदिवासी नायकों का संघर्ष दिखाया गया है। इस आयोजन के लिये दिग्विजय सिंह ने सभी भाजपा नेताओं विधायकों को न्योता भेजा था। वे सीएम मोहन यादव को भी न्योता देने गये थे। विधानसभा के मानसरोवर सभागार में फिल्म देखने कांग्रेस के तमाम नेता,विधायक समेत प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी व नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार मौजूद थे।

इस मौके पर फिल्म के डायरेक्टर प्रदीप उईके ने कहा कि, मैं पीएससी का एग्जाम दे रहा था उसमें जंगल सत्याग्रह पर प्रश्न पूछा गया। उसके बाद मैंने सरदार गंजन सिंह कोरकू के बारे में पड़ना शुरू किया। तीन साल में पूरी कहानी खोज पाया। इस फिल्म को बनाने के लिए मैने समाज के लोगों से मदद मांगी और आदिवासियों पर बनी फिल्म के लिए एक करोड़ तक राशि जुटाने में बहुत संघर्ष करना पड़ा। प्रदीप ने दिग्विजय सिंह को आदिवासी हितैषी बताया। कार्यक्रम में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, कांतिलाल भूरिया, ओंकार सिंह मरकाम, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, कमलेश्वर पटेल विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह मौजूद रहे। दिग्विजय ने कहा कि 'जंगल सत्याग्रह' फिल्म केवल एक फिल्म नहीं है बल्कि मध्यप्रदेश के आदिवासी नायकों के अदम्य साहस, त्याग और स्वाभिमान की जीवंत गाथा है। यह फिल्म हमें याद दिलाती है कि कैसे मध्यप्रदेश के आदिवासी नायकों ने 1930 में अंग्रेजी हुकूमत के अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद कर अपने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति दे दी। सिंह ने जंगल सत्याग्रह फिल्म के लेखक एवं डायरेक्टर प्रदीप उइके को बधाई दी। कहा कि बैतूल के एक सुशिक्षित आदिवासी डॉ. प्रदीप उइके ने जंगल सत्याग्रह पर एक फीचर फिल्म बनाई है। इस फिल्म में रोल निभाने वाले पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे ने कहा कि,






फिल्म के माध्यम से हमने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में आदिवासी नायकों के योगदान को दिखाने का प्रयास किया है। विषम परिस्थितियों होने के बाद भी हमारे आदिवासी नायकों ने हथियार लेस अंग्रेजों से कड़ा मुकाबला किया। अपने प्राणों की आहुति दी। स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासियों नायकों द्वारा दिए गए योगदान को प्रदर्शित करने की कोशिश की है। जल, जंगल, जमीन के आंदोलन से यह फिल्म प्रेरित है। आने वाली पीढ़ी इन नायकों से सीख ले यही हमारा प्रयास है।

# युवा के बाद अब नारी शक्ति मिशन शुरू करने की तैयारी

### देवी अहिल्या बाई के नाम पर रखा जा सकता है मिशन का नाम

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

अब महिलाओं के कल्याण के लिए यादव सरकार नारी शक्ति मिशन शुरू करने जा रही है। यह मिशन देवी अहिल्या बाई के नाम पर रखा जा सकता है। इसकी शुरुआत 14 जनवरी को मकर संक्रांति से की जा सकती है। इसके पहले 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती से युवा शक्ति मिशन शुरू किया ही जा चुका है। नारी शक्ति मिशन में महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और रोजगार की दृष्टि से सक्षम बनाया जाएगा। प्रत्येक स्तर पर विभागों को अलग-अलग काम करने होंगे। इसमें कई राज्यों के उत्कृष्ट कामों को अपनाया जाएगा। सीएम डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों के साथ मिशन की तैयारियों को लेकर कई चर्चा की हैं।

**मप्र को मिलेंगे 4 मिशन:** बीते दिनों हुए मंथन के बाद यादव सरकार युवा, महिला, किसान और गरीब कल्याण के लिये मिशन शुरू करना तय किया था। इसमें से युवा कल्याण मिशन को पहले हरी झंडी मिल गई। यह


फाइल फोटो

स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती पर 12 जनवरी को शुरू भी कर दिया गया। सरकार ने इसे स्वामी विवेकानंद को समर्पित कर इसका नाम स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन रखा है। जिसमें 15 से 29 वर्ष तक के युवाओं को टॉरगेट कर उन्हें हर दृष्टि से सक्षम बनाने का लक्ष्य है। सरकार का खास फोकस रोजगार पर है।

### नारी शक्ति मिशन का प्रस्तावित स्वरूप

- महिलाओं की आय बढ़ाने की दिशा में आर्थिक मोर्चों पर अलग-अलग काम होंगे।
- उच्च शिक्षा पर फोकस किया जाएगा। कुपोषण मिटाने के लिए ग्राम स्तर पर काम होंगे।
- उद्योगों में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़े, इसके लिए अलग-अलग प्रयास होंगे।
- महिलाओं को लोन दिए जाने संबंधी प्रक्रिया को आसान किया जाएगा।
- सरकारी नौकरियों में भागीदारी बढ़ाने के लिए खाली पदों को अभियान चलाकर भरा जाएगा।
- कमजोर वर्ग की महिलाओं को आगे लाने के लिए विभागों को अलग-अलग स्तर पर जिम्मेदारियां दी जाएंगी।

# स्कूल में बच्चे से मारपीट पर आयोग ने कलेक्टर व डीईओ से मांगा जवाब

### मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल सहित प्रदेश के पांच मामलों में लिया संज्ञान

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष( कार्यवाहक ) मनोहर ममतानी ने भोपाल सहित प्रदेश के पांच मामलों में संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है। पहला मामला भोपाल जिले के तलैया क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ने वाले एक छात्र के साथ स्कूल में पदस्थ शिक्षक द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। आयोग ने कलेक्टर एवं डीईओ से मामले की जांच के निदेश दिए हैं। इसके साथ ही पीड़ित के उचित एवं निशुल्क ईलाज तथा दोषी शिक्षक के विरूद्व की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी मांगा है। उल्लेखनीय है कि, तलैया क्षेत्र के सेंट माइकल स्कूल में एक शिक्षक द्वारा 11वीं के छात्र से मारपीट करने की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंची है। मामले में अभिभावकों ने डीईओ को बताया कि टीचर ने 11वीं के छात्र को इतना पीटा कि उसके दोनों पैरों की चमड़ी निकल गई। साथ ही छात्र को आई चोट का वीडियो भी जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच समिति का गठन किया है। जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार ने बताया कि पी?ित छात्र के अभिभावक द्वारा मामले की शिकायत की गई है। मामले में जांच समिति गठित की है। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**जर्जर स्कूल भवन के पास लग रही कक्षाएं:** मंडला जिले के जिला मुख्यालय से महज 10 किमी दूर ग्राम पंचायत तिंदगी अंतर्गत प्राइमरी स्कूल सकरी में जर्जर हालत में हो चुके स्कूल भवन के पास कक्षाएं संचालित होने का मामला सामने आया है। जर्जर हो चुके स्कूल भवन में आने-जाने से बच्चों की जान को खतरा बना हुआ है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

### अवकाश: बीयू की परीक्षाओं पर असर नहीं

**भोपाल।** मकर संक्रांति पर भोपाल जिले में स्थानिय अवकाश घोषित किया है, लेकिन इसका असर बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी की परीक्षाओं पर नहीं होगा। इस समय बीयू के संबद्ध कॉलेजों में पूरक परीक्षाएं चल रही हैं, साथ ही यूटीडी की परीक्षाएं भी जारी हैं। बीयू ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है कि स्थानिय अवकाश के बावजूद परीक्षाएं निर्धारित समय पर ही आयोजित की जाएंगी।

# एमपी बोर्ड : दसवीं में 75 अंक, बारहवीं का होगा नॉन प्रैक्टिकल विषयों का 80 अंक पेपर




### प्रश्नों का पैटर्न वेबसाइट पर अपलोड, दो अंकों की लघु उत्तरीय, वस्तुनिष्ट प्रश्न 30 अंक के होंगे

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल ( एमपी बोर्ड ) की दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षाओं को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार दसवीं के प्रत्येक विषय का पेपर 75 अंक और आंतरिक मूल्यांकन 25 अंक का होगा। वहीं, बारहवीं का नॉन प्रैक्टिकल विषयों का 80 अंक और आंतरिक मूल्यांकन 20 अंक का होगा। वहीं, प्रायोगिक विषयों का पेपर 70 अंक का होगा और 30 अंक का प्रैक्टिकल होगा।

दरअसल, एमपी बोर्ड की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं डेढ़ माह बाद आयोजित की जाएंगी। प्रश्नों का पैटर्न वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। इसमें अंक योजना के साथ-साथ हर प्रश्न के पैटर्न की जानकारी दी गई है। प्रत्येक विषय के प्रश्नों का पैटर्न और अंक योजना को अपलोड किया गया है। इस बार दोनों कक्षाओं के दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के बदले दो अंकों की लघु उत्तरीय प्रश्नों की संख्या ज्यादा होगी। वस्तुनिष्ट प्रश्न 30 अंक के होंगे। स्कूलों में सैंपल पेपर से तैयारी कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### 16 जनवरी से प्री-बोर्ड परीक्षाएं

10वीं व 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं 16 जनवरी से आयोजित की जाएंगी। स्कूलों में सैंपल पेपर से तैयारी कराई जा रही है। अभी छमाही परीक्षा के आकलन के बाद विशेष कक्षाएं लगाई जा रही हैं। प्री-बोर्ड परीक्षा के दिन भी कक्षाएं लगाकर सवाल हल कराए जाएंगे।

### रविवार और त्योहार के दिन भी अतिरिक्त कक्षाएं

परीक्षाओं को देखते हुए राजधानी के कई स्कूलों में रविवार और त्योहार के दिन भी अतिरिक्त कक्षाएं लगाईं जा रही हैं। सीएम राइज स्कूलों में कमजोर विद्यार्थियों को चयनित कर उनकी जिम्मेदारी शिक्षकों को अलग से दी गई है।

# कर्तव्य पथ पर परेड करेंगे एमपी और छत्तीसगढ़ के कैडेट्स



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

एनसीसी की 17 डायरेक्टरेट राजपथ दिल्ली में 26 जनवरी को प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के सामने परेड करेंगी। कटिंगेंट ऑफिसर दानिश सिद्दीकी करेंगे अगुवाई में कर्तव्य पथ पर एमपी और छत्तीसगढ़ के कैडेट्स परेड करेंगे। इसके लिए एनसीसी कैडेट्स को 5 महीने की कड़ी ट्रेनिंग दी जा रही है। मप्र और छत्तीसगढ़ से 136 बच्चे का सिलेक्शन हुआ है। एनसीसी कैडेट्स को कमांड कर रहे हैं कटिंगेंट ऑफिसर दानिश सिद्दीकी जो की भोपाल डीपीएस स्कूल में फिजिकल एजुकेशन की व्याख्याता एवं एनसीसी ऑफिसर है। दानिश सिद्दीकी को राष्ट्रपति अवार्ड से नवाजा गया है। प्रशिक्षण केंद्र में भी दानिश सिद्दीकी को कई अवॉर्डों से सम्मानित किया गया है। मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में 900 से ज्यादा एनसीसी ऑफिसर्स हैं जिनमें से सिर्फ दानिश सिद्दीकी का चयन हुआ है।




## संपादकीय

# मेट्रो पर अध्ययन भी जरूरी

इस वक्त हमारे देश के ग्यारह राज्यों के तेईस शहरों में मेट्रो का कुल नेटवर्क एक हजार किमी से ज्यादा है। जबकि कई शहरों में लगभग इतना ही अतिरिक्त मार्ग निर्माणाधीन है। यह बात खुद केंद्र सरकार ने कही है। जाहिर है कि यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है क्योंकि विश्वस्तरीय शहरी अधोसंरचना तैयार करने में देश लगातार संघर्ष कर रहा है। दिल्ली जैसे शहरों में जहां मेट्रो रेल कारगर है इससे शहरी जीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। हालांकि दिल्ली ऐसा शहर नहीं है जहां सार्वजनिक शिष्टाचार पर बहुत अधिक ध्यान दिया जाता हो लेकिन मेट्रो में लोग सड़क आदि की तुलना में शिष्टाचार निभाते हैं। जरूरत यह सुनिश्चित करने की है कि यह अनुभव विश्वस्तरीय बना रहे। इसमें प्रबंधन और रखरखाव की अहम भूमिका होगी। उदाहरण के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने कोलकाता मेट्रो की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया था जबकि कोलकाता मेट्रो देश की पहली मेट्रो सेवा है। केंद्र ने रियायती दर पर धन उपलब्ध कराकर इस आकांक्षा को पूरा करने में मदद की है। वर्ष 2021 से 2025 के बीच ही इस पर तीन लाख करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस धनराशि का बहुत छोटा हिस्सा सीधे केंद्रीय बजट में आता है। मसलन चेन्नई मेट्रो के दूसरे चरण के लिए करीब 34हजार करोड़ रुपये की राशि तमिलनाडु सरकार दे रही है। बाकी अधिकांश राशि उस कर्ज से आएगी जो केंद्र सरकार ने क्रियान्वयन एजेंसी से लिया है। इनमें जापान इंटरनैशनल कोऑपरेशन एजेंसी और एशियाई विकास बैंक आदि हैं। चीन से संबंधित एजेंसियां न्यू डेवलपमेंट बैंक यानी ब्रिक्स बैंक और एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक भी शामिल हैं। अहमदाबाद मेट्रो का करीब आधा पैसा जर्मन और फ्रेंच विकास बैंकों से आता है। बेंगलूरु मेट्रो के दूसरे चरण के लिए भी जर्मनी मदद कर रहा है। कई विदेशी सरकारें आंशिक रूप से मेट्रो के डिब्बों आदि की खरीद या विनिर्माण उपकरणों की खरीद में मदद करने के लिए है। इन्हें संबंधित देशों में स्थित कारखानों में बनाया जाता है। मसलन अहमदाबाद मेट्रो के लिए जर्मनी की सीमेंस कंपनी निर्माण करती है। इसके बावजूद कई गलतियां हुईं। दिल्ली मेट्रो की कामयाबी की सबसे बड़ी वजह यह है कि वहां कोई अन्य उपनगरीय रेल सेवा नहीं है। इसके अलावा उसने बहुत जल्दी अपने नेटवर्क में उल्लेखनीय विस्तार और उसका प्रबंधन किया। गत सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली-मेरठ लाइट रेल लिंक की शुरुआत की जो उत्तर प्रदेश के इस जिले को दिल्ली से जोड़ती है। दोनों के बीच हर 15 मिनट में एक रेल शुरू की गई है। न्यूयॉर्क, पेरिस या टोक्यो की तरह मेट्रो का वास्तविक इस्तेमाल तब हो सकता है जब शहर में कई स्टॉप और स्टेशन हों। इतना ही नहीं ज्यादातर लोगों को मेट्रो स्टेशन पहुंचने के लिए 15 मिनट से ज्यादा पैदल न चलना पड़े। यहां तक कि दिल्ली में भी जहां स्टेशन बड़े और दूर-दूर हैं वहां ये मानक पूरे नहीं होते। आश्चर्य नहीं कि आईआईटी दिल्ली के शोधकर्ताओं द्वारा कराए गए अध्ययन ने संकेत दिया है कि एक भी भारतीय मेट्रो सवारियों के लक्ष्य को पूरा नहीं करती। मुंबई में अनुमान से एक तिहाई यात्री मिल रहे हैं। बेंगलूरु में पहले चरण में केवल छह फीसदी हैं जो लागत के लिहाज से भी किफायती नहीं हैं। बहरहाल, इस बात का अध्ययन होना चाहिए कि कुछ मेट्रो कारगर और कुछ नाकाम क्यों हैं? यदि ऐसो होता है तो इससे आगामी ऐसी परियोजना में भी मदद मिलेगी क्योंकि कई राज्यो में मेट्रो सेवा शुरू करने की होड है।

**बिगड़ी हुई जनता वह जल-प्रवाह है जो किसी के रोके नहीं रुकता।**
**- प्रेमचन्द**

## आज का इतिहास

- 1514: पोप लियो एक्स ने दासता के विरुद्ध आदेश पारित किया।
- 1641: यूनाइटेड ईस्ट इंडिया कंपनी ने मलक्का शहर पर विजय प्राप्त की।
- 1659: एलवास के युद्ध में पुर्तगाल ने स्पेन को पराजित किया।
- 1758: ईस्ट इंडिया कंपनी को भारत में लड़ाई में जीती हुई संपत्ति अपने पास रखने का अधिकार इंग्लैंड नरेश ने दिया।
- 1760: फ्रांसीसी जनरल लेली ने पांडिचेरी अंग्रेजों के हवाले किया।
- 1761: पानीपत की तीसरी लड़ाई मराठों और अहमदशाह अब्दाली के बीच हुई।
- 1784: अमेरिका ने ब्रिटेन के साथ शांति संधि की पुष्टि की।
- 1809: इंग्लैंड और स्पेन ने नेपोलियन बोनापार्ट के खिलाफ गठबंधन किया।
- 1858: नेपोलियन तृतीय की हत्या की साजिश का भंडाफोड़।
- 1867: पेरू ने स्पेन के खिलाफ जंग का ऐलान किया।
- 1907: जमायका में भूकंप। करीब 1000 लोगों की मौत।
- 1912: रेमंड पोंकारे फ्रांस के प्रधानमंत्री बने।
- 1918: फ्रांस के पूर्व प्रधानमंत्री जोसेफ कैलाक्स देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार।
- 1954: जगद्गुरु कृपालु महाराज ने 7 दिन तक 500 विद्वानों के समक्ष भाषण दिया।
- 1974: विश्व फुटबाल लीग की स्थापना की गई।
- 1982: इंदिरा गांधी ने 20सूत्री कार्यक्रम की घोषणा की।
- 1986: मध्य अमेरिकी देश ग्वाटेमाला में संविधान लागू।
- 1989: इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में 12 वर्ष बाद कुंभ मेला प्रारम्भ।
- 1992: इजराइल ने जार्डन के साथ शांति वार्ता शुरू की।
- 1999: भारत का पहला अत्याधुनिक 'हवाई यातायात परिसर', दिल्ली राष्ट्र को समर्पित किया गया।
- 2000: कम्प्यूटर बादशाह बिल गेट्स ने स्टीव वाल्मर को विश्व की सबसे बड़ी कम्प्यूटर साफ्टवेयर कंपनी सौंपी।
- 2001: मैच फिक्सिंग प्रकरण में भारतीय सटोरिया संजीव चावला लंदन में गिरफ्तार।

## निशाना

### मैदान दिया उतार !



-कृष्णेन्द्र राय

है सियासी मायने ।
मैदान दिया उतार ।।
चढ़ा राजनीतक पारा ।
और कई कतार ।।
लाभ लेने खातिर ।
जोर है लगाया ।।
कर देना वो चुकता ।
जो है अभी बकाया ।।
गुणा गणित करके ।
कर लिया तैयार ।।
टिक जाएंगे लंबा ?
या होंगे फरार ।।
उठापटक तो चल रही ।
मौके की तलाश ।।
होड़ न होगी खत्म ।
बने रहना खास् ।।

# इंसानों की तस्करी की त्रासदी वाला समाज कब तक?

**■ ललित गर्ग**

राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस हर साल 11 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिन मानव तस्करी और आधुनिक दासता के खिलाफ़ जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह दिवस एक ऐसे वैश्विक अपराध, त्रासदी एवं अभिशाप की ओर ध्यान आकर्षित करता है जो दुनियाभर में मानव जीवन, परिवारों और समुदायों को डरावनी, खौफनाक एवं त्रासद अंधेरी दुनिया में धकेलता है। मानव तस्करी लाखों लोगों की आज़ादी और सम्मान को छीनता है, समाज को अनगिनत नुकसान पहुँचाता है, कानून और सुशासन को कमज़ोर करता है और अपराध को बढ़ावा देता है। मानव तस्करी में बल, धोखाधड़ी या जबरदस्ती के इस्तेमाल के ज़रिए शोषण एवं उत्पीड़न शामिल है। मानव तस्करी कई रूपों में हो सकती है जिसमें यौन तस्करी, बाल यौन तस्करी, जबरन मज़दूरी, ऋण बंधन, जबरन बाल मज़दूरी, घरेलू दासता और बाल सैनिकों की अवैध भर्ती और उपयोग शामिल है। यह पुरुषों, महिलाओं, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और बच्चों को सीमाओं के पार और देश के अंदर दोनों जगह प्रभावित करता है। मानव तस्करी के खिलाफ़ कानून और नीतियां बनाने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रयास किए जाने अपेक्षित है।




वैश्विक स्तर पर, मानव तस्करी के शिकार पाँच व्यक्तियों में से एक बच्चा हैं हालांकि अफ्रीका और ग्रेटर मेकांग जैसे गरीब क्षेत्रों और उप-क्षेत्रों में, तस्करी के शिकार लोगों में से अधिकांश बच्चे ही हैं। इस बीच, दुनिया भर में मानव तस्करी के शिकार लोगों में से दो तिहाई महिलाएँ हैं। मानव तस्करी एक वैश्विक समस्या है और दुनिया के सबसे शर्मनाक अपराधों में से एक है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन के लिये अभिशाप है और सरकारों पर एक बदनुमा दाग एवं कलंक है। मानव तस्कर दुनिया के सभी कोनों से महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को धोखा देते हैं और उन्हें हर दिन शोषणकारी अंधेरी परिस्थितियों एवं दुनिया में धकेलते हैं। जबकि मानव तस्करी का सबसे वीभत्स रूप यौन शोषण है, हज़ारों पीड़ितों को जबरन श्रम, घरेलू दासता, बाल मजदूरी एवं भीख मांगने के लिये मजबूर किया जाता है और ऐसे पीड़ितों के अंगों को निकालने के उद्देश्य से भी तस्करी की जाती है। अंतरराष्ट्रीय एनजीओ शोध के अनुसार, पापुआ न्यू गिनी के लगभग 30 प्रतिशत यौन तस्करी के शिकार 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं, जिनमें से कुछ की उम्र 10 वर्ष से भी कम है। कथित तौर पर कतिपय परिवार या जनजाति के सदस्य यौन तस्करी या जबरन मजदूरी करवाते हैं। कुछ माता-पिता बच्चों को सड़क पर भीख मांगने या सामान बेचने के लिए मजबूर करते हैं, और कुछ अपनी बेटियों को कर्ज चुकाने, समुदायों के बीच विवादों को सुलझाने या अपने परिवारों का समर्थन करने के लिए विवाह या बाल यौन तस्करी के लिए बेच देते हैं या मजबूर करते हैं।

दुनियाभर में हर साल करीब 6 लाख से 8 लाख लोगों की तस्करी होती है। दुनियाभर में पाए गए सभी मानव तस्करी के पीड़ितों में से 51 प्रतिशत वयस्क महिलाओं की संख्या है। भारत में वर्ष 2019 में, सरकार ने 5145 मानव तस्करी के पीड़ितों और 2505 मानव तस्करी के संभावित पीड़ितों की पहचान किए जाने की जानकारी दी, जोकि वर्ष 2018 में पहचान किए गए 3946 मानव तस्करी पीड़ितों और 1625 मानव तस्करी के संभावित पीड़ितों की तुलना में वृद्धि थी। इसके आगे भी मानव तस्करी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत में वर्ष 2010 में राष्ट्रपति की घोषणा के अनुसार, प्रत्येक जनवरी को राष्ट्रीय गुलामी और मानव तस्करी रोकथाम माह के रूप में नामित किया गया है। मानव तस्करी की बढ़ती शर्मनाक घटनाओं ने संवेदनहीन होते समाज की त्रासदी को उजागर किया है। इन घटनाओं को अभिभावकों एवं समाज की संवेदनहीनता और क्रूरता के रूप में देखा जा सकता है, वहीं आजादी के अमृत काल में भी मानव-तस्करी की घिनौनी मानसिकता के पांव पसारने की विकृति को सरकार की नाकामी माना सकता है। सरकार को बच्चों से जुड़े कानूनों पर पुनर्विचार करना चाहिए एवं बच्चों के प्रति घटने वाली ऐसी संवेदनहीनता की घटनाओं पर रोक लगाने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

इस देश में मानव तस्करी के जघन्य अपराध के रूप में बच्चों के साथ जो हो रहा है उसकी कल्पना भी किसी ने नहीं की होगी। उन्हें खरीदने-बेचने और उनसे भीख मंगवाने का धंधा, उनके शरीर को अपंग बनाने का काम, खतरनाक आतिशबाजी निर्माण में बच्चों का उपयोग, उनके साथ अमानवीय व्यवहार, तंत्र-मंत्र के चक्कर में बलि चढ़ते मासूम बच्चे और उनका यौन शोषण। देश के भविष्य के साथ यह सब हो रहा है। लेकिन जब सरकार को ही किसी वर्ग की फिक्र नहीं तो इन मासूमों की पीड़ा को कौन सुनेगा? इस बदहाली में जीने वाले बच्चों की संख्या जहां देश में लाखों में है, वहीं जन्मते ही बच्चों को बेच देने की घटनाएं भी रह-रह कर नये बन रहे समाज पर कालिख पौतते हुए अनेक सवाल खड़े करती है। लाखों बच्चे कुपोषण का शिकार मिलेंगे, लाखों बेघर, दर-दर की ठोकर खाते हुए आधुनिकता की चकाचौंध से कोसों दूर, निरक्षर और शोषित। बच्चों को बेच देने एवं तस्करी की घटनाएं कई बार ऐसी परतों में गुंथी होती हैं जिनमें समाज, परंपरागत धारणाएं, गरीबी और विवशता से लेकर आपराधिक संजाल तक के अलग-अलग पहलू शामिल होते हैं।

समाज में आज भी लड़के एवं लड़की को लेकर संकीर्ण एवं अमानवीय सोच व्याप्त है, झारखण्ड में एक दंपति को पहले से तीन बेटियां थी। सामाजिक स्तर पर मौजूद रूढ़ियों से संचालित धारणा के मुताबिक उस दंपति को एक बेटे की जरूरत थी। यानी तीन बेटियां उसकी नजर में महत्वहीन थी कि उससे बेटे की भरपाई हो सके। इसलिए उसने ऐसी सौदेबाजी कराने वाले मानव तस्कारों एवं दलालों के जरिए किसी अन्य महिला से उसका नवजात बेटा खरीद लिया। यानी मन में बेटा नहीं होने के अभाव से उपजे हीनताबोध और कुंठा की भरपाई के लिए कोई व्यक्ति पैसे के दम पर गलत रास्ता अपनाने से भी नहीं हिचकता। इसके अलावा, मानव तस्करी करने वाले गिरोह दूरदराज के इलाकों में और खासतौर पर गरीबी की पीड़ा झेल रहे लोगों के बीच अपने दलालों के जरिए बालक एवं बालिका खरीदने के अपराध में लगे रहते हैं। झारखण्ड, ओड़ीसा, बिहार जैसे राज्यों के गरीब इलाकों में ऐसे तमाम लोग होते हैं, जिन्हें महज जिंदा रहने के लिए तमाम जद्दोजहाद से गुजरना पड़ता है। विश्व की बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनते भारत की सतह पर दिखने वाली अर्थव्यवस्था की चमक की मामूली रोशनी भी उन तक आखिर क्यों नहीं पहुंच पाती है?

मानव तस्करी की बढ़ती घटनाओं में बच्चों एवं बालिकाओं को बेचे और खरीदे जाने में जितने लोग, जिस तरह शामिल होते थे, वह नये बनते भारत के भाल पर एक बदनुमा दाग है। निश्चित रूप से इस मामले में मां की ममता एवं करूणा कठघरे में होती है, मगर कई बार अपने ही बच्चे के बदले पैसा लेने की नौबत आने में हालात भी जिम्मेदार होते हैं। वरना अपने बच्चे का सौदा करना किसी मां के लिए इतना आसान नहीं होता है। झारखण्ड और ओड़ीसा सहित देश के अनेक हिस्सों के गरीब इलाकों से अक्सर ऐसी खबरें आती रहती हैं, जिनमें कुछ हजार रुपए के लिए ही बच्चे को मानव तस्करों के हवाले कर दिया जाता है। सवाल है कि बच्चे को बेचने के पीछे क्या कारण होते हैं, उनके खरीददार कौन होते हैं और ऐसी सौदेबाजी को आमतौर पर एक संगठित गतिविधि के रूप में अंजाम देने में क्यों सफलता मिल जाती है। क्यों कानून का डर ऐसे मानव तस्कारों एवं अपराधियों को नहीं होता? क्यों सरकारी एजेंसियों की सख्ती भी काम नहीं आ रही है और लगातार ऐसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यहां प्रश्न कार्रवाई का नहीं है, प्रश्न है कि ऐसी विकृत सोच एवं अपराध क्यों पनप रहे हैं?

राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस मनाते हुए हमें इस गुलामी एवं अभिशाप से मुक्ति में लगे संगठनों को आर्थिक मदद करनी चाहिए। हमें इस गुलामी को खत्म करने के लिए स्वयं आगे आना चाहिए। आज, मानव तस्करी के बारे में बहुत सारी भ्रांतियाँ हैं, इसलिए खुद को शिक्षित करें और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करें। सरकारों को भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह ईमानदारी से करना चाहिए।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# आखिर क्यों अखाड़ों के बिना नहीं की जा सकती कुंभ की कल्पना

**■ जयसिंह रावत**

प्रयागराज महाकुंभ इन दिनों करोड़ों सनातन धर्मावलम्बियों के लिए आस्था और विदेशियों के लिए भारतीय संस्कृति के प्रति कौतुहल और आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। चार स्थानों पर बारी-बारी 12 सालों में कुंभ और महाकुंभ के रूप में आयोजित होने वाले विश्व के इस सबसे मानव जमावड़ा और महापर्व विशेष रूप से उन साधुओं के लिए महत्वपूर्ण होता है, जो अखाड़ों के सदस्य होते हैं। इन अखाड़ों का न केवल धार्मिक कर्तव्य है बल्कि ये भारतीय समाज में एकता, शांति और जागरूकता का प्रसार भी करते हैं। दरअसल, सिद्धांत रूप में कुंभ मेला केवल एक धार्मिक महापर्व है जो संगम पर विशेष ग्रहों की स्थिति के अनुसार होता है। इसे बिना अखाड़ों के भी आयोजित किया जा सकता है, लेकिन यह पारंपरिक और सांस्कृतिक रूप से अधूरा माना जाएगा। अखाड़ों की अनुपस्थिति से इसका आकर्षण, आध्यात्मिक महत्व और ऐतिहासिक परंपरा कमजोर हो सकती है, इसलिए कुंभ मेले की पहचान अखाड़ों की उपस्थिति से ही पूरी होती है।अखाड़ा परंपरा की शुरुआत प्राचीन भारतीय संस्कृति में तब से मानी जाती है जब साधुओं और तपस्वियों ने ध्यान और साधना के लिए संगठित रूप से ये केंद्र बनाए। माना जाता है कि अखाड़ा परंपरा महाभारत और रामायण काल से जुड़ी हुई है, तब धर्म, तपस्या और साधना के लिए समर्पित समूहों का अस्तित्व था। परंपरागत् रूप से इन अखाड़ों का उद्देश्य साधुओं को एकजुट करना और उन्हें धर्म, योग, और तपस्या के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित करना था। ऐसी भी मान्यता है कि अखाड़ा व्यवस्था शंकराचार्य द्वारा स्थापित की गई थी जिसका उद्देश्य सनातन धर्म को पुनर्जीवित करना और उसे एक संगठित रूप में प्रस्तुत करना था।

वर्तमान में भारत में 13 प्रमुख अखाड़े हैं, जो कुंभ मेला जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रत्येक अखाड़े का अपना विशिष्ट इतिहास, परंपरा और ईष्ट देवता होते हैं, और इनके सदस्य साधना, तपस्या और समाज की सेवा में व्यस्त रहते हैं। इनमें कुछ शैव सन्यासियों के तथा कुछ वैष्णव और अन्य पन्थों के अखाड़े हैं। कुछ समय पहले किन्नर अखाड़ा भी कुंभ में हिस्सा लेने लगा है जिसके प्रमुख स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी हैं। समाज के 13 प्रमुख अखाड़ों का विवरण इस प्रकार है।

**निरंजनी अखाड़ा**– यह अखाड़ा 826 ईस्वी में गुजरात के मांडवी में स्थापित हुआ माना जाता है। इनके ईष्ट देव भगवान शंकर के पुत्र कार्तिकस्वामी हैं। इनमें दिगम्बर, साधु, महन्त व महामंडलेश्वर होते हैं। इनकी शाखाएं इलाहाबाद, उज्जैन, हरिद्वार, त्र्यंबकेश्वर व उदयपुर में हैं।

**जूना अखाड़ा**– ऐसी मान्यता है कि यह अखाड़ा 1145 में उत्तराखण्ड के कर्णप्रयाग में स्थापित हुआ। इसे भैरव अखाड़ा भी कहते हैं। इनके ईष्ट देव रुद्रावतार दत्तात्रेय हैं। इसका केंद्र वाराणसी के हनुमान घाट पर माना जाता है। हरिद्वार में मायादेवी मंदिर के पास इनका आश्रम है। इस अखाड़े के नागा साधु माने जाते हैं और वर्तमान में साधू समाज का यही सबसे बड़ा अखाड़ा माना जाता है।

**महानिर्वाण अखाड़ा**– यह अखाड़ा 681 ईस्वी में स्थापित हुआ माना जाता है। कुछ लोगों का मत है कि इसकी स्थापना बिहार-झारखण्ड के बैजनाथ धाम में हुआ था, जबकि कुछ इसका जन्म स्थान हरिद्वार में नील धारा के पास मानते हैं। इनके ईष्ट देव कपिल महामुनि हैं। इनकी शाखाएं इलाहाबाद, हरिद्वार, उज्जैन, त्र्यंबकेश्वर, ओंकारेश्वर और कनखल में हैं।



**अटल अखाड़ा**– यह अखाड़ा 569 ईस्वी में गोंडवाना क्षेत्र में स्थापित किया गया बताया जाता है। इनके ईष्ट देव भगवान गणेश हैं। यह सबसे प्राचीन अखाड़ों में से एक माना जाता है। इसकी मुख्य पीठ पाटन में है लेकिन आश्रम कनखल, हरिद्वार, इलाहाबाद, उज्जैन व त्र्यंबकेश्वर में भी हैं।

**आह्वान अखाड़ा**– माना जाता है कि यह अखाड़ा 646 में स्थापित हुआ और 1603 में पुनर्संयोजित किया गया। इनके ईष्ट देव श्री दत्तात्रेय और श्री गजानन हैं। इस अखाड़े का केंद्र स्थान काशी है। इसका आश्रम ऋषिकेश में भी है।

**आनंद अखाड़ा**– इस अखाड़े की स्थापना 855 ईस्वी में मध्यप्रदेश के बेरार में मानी जाती है। इसका केंद्र वाराणसी में है। इसकी शाखाएं इलाहाबाद, हरिद्वार, उज्जैन में भी हैं।पंचाग्नि अखाड़ा- ऐसी मान्यता है कि इस अखाड़े की स्थापना 1136 में हुई थी। इनकी इष्ट देव गायत्री हैं और इनका प्रधान केंद्र काशी है। इनके सदस्यों में चारों पीठ के शंकराचार्य, ब्रहमचारी, साधु व महामंडलेश्वर शामिल हैं। परंपरानुसार इनकी शाखाएं इलाहाबाद, हरिद्वार, उज्जैन व त्र्यंबकेश्वर में हैं।

**नागपंथी गोरखनाथ अखाड़ा**गोरखपंथियों के अनुसार यह अखाड़ा ईस्वी 866 में अहिल्या-गोदावरी संगम पर स्थापित हुआ। इनके संस्थापक पीर शिवनाथजी हैं। इनका मुख्य दैवत गोरखनाथ है और इनमें बारह पंथ हैं। यह संप्रदाय योगिनी कौल नाम से प्रसिद्ध है और इनकी त्र्यंबकेश्वर शाखा त्र्यंबकंमठिका नाम से प्रसिद्ध है।

**वैष्णव अखाड़ा**– यह बालानंद गैर शैव अखाड़ा ईस्वी 1595 में दारागंज में श्री मध्यमुरारी में स्थापित हुआ। समय के साथ इनमें निर्मोही, निर्वाणी, खाकी आदि तीन संप्रदाय बने। इनका अखाड़ा त्र्यंबकेश्वर में मारुति मंदिर के पास था। 1848 तक शाही स्नान त्र्यंबकेश्वर में ही हुआ करता था। परंतु 1848 में शैव व वैष्णव साधुओं में पहले स्नान कौन करे इस मुद्दे पर झगड़े हुए। श्रीमंत पेशवाजी ने यह झगड़ा मिटाया। उस समय उन्होंने त्र्यंबकेश्वर के नजदीक चक्रतीर्था पर स्नान किया।

**उदासीन पंचायती बड़ा अखाड़ा**– इस संप्रदाय के संस्थापक श्री चंद्रआचार्य उदासीन हैं। इनमें सांप्रदायिक भेद हैं। इनमें उदासीन साधु, मंहत व महामंडलेश्वरों की संख्या ज्यादा है। उनकी शाखाएं शाखा प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन, त्र्यंबकेश्वर, भदैनी, कनखल, साहेबगंज, मुलतान, नेपाल व मद्रास में है।

**उदासीन नया अखाड़ा**– इसे बड़ा उदासीन अखाड़ा के कुछ सांधुओं ने विभक्त होकर स्थापित किया। इनके प्रवर्तक मंहत सुधीरदासजी थे। इनकी शाखाएं प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन, त्र्यंबकेश्वर में हैं।

**निर्मल पंचायती अखाड़ा**– यह अखाड़ा 1784 में अपनी स्थापना मानता है। सन् 1784 में हरिद्वार कुंभ मेले के समय एक बड़ी सभा में विचार विनिमय करके श्री दुर्गासिंह महाराज ने इसकी स्थापना की। इनकी ईष्ट पुस्तक श्री गुरुग्रन्थ साहिब है। इनमें सांप्रदायिक साधु, मंहत व महामंडलेश्वरों की संख्या बहुत है। इनकी शाखाएं प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन और त्र्यंबकेश्वर में हैं।

**निर्मोही अखाड़ा**– निर्मोही अखाड़े की स्थापना 1720 में रामानंदाचार्य ने की थी। इस अखाड़े के मठ और मंदिर उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात और बिहार में हैं। पुराने समय में इसके अनुयायियों को तीरंदाजी और तलवारबाजी की शिक्षा भी दिलाई जाती थी।

**किन्नर अखाड़ा**– यह अखाड़ा भारत में एक अनोखा धार्मिक और सामाजिक संगठन है, जो ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों और उनकी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। इसकी स्थापना 2015 में आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने की थी। किन्नर अखाड़ा न केवल ट्रांसजेंडर समुदाय के धार्मिक अधिकारों को मान्यता देने का प्रयास करता है, बल्कि उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए भी काम करता है। इसके माध्यम से किन्नर समुदाय सामाजिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्तर पर अपनी उपस्थिति और योगदान को सामने लाने का प्रयास करता है।

भारत में अखाड़े न केवल धार्मिक आस्थाओं का प्रतीक हैं, बल्कि ये समाज में सकारात्मक ऊर्जा और धार्मिक सद्भाव फैलाने का कार्य भी करते हैं। कुम्भ मेला जैसे आयोजनों में इनकी भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण होती है, जहाँ ये साधु अपनी तपस्या और साधना के माध्यम से समाज को जागरूक करते हैं और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को संरक्षित करते हैं। चारों कुम्भ स्थलों का प्रशासन अखाड़ा परिषद के सुझावों के अनुसार कुम्भ की सारी व्यवस्थाएं करता है।

**(साभार : यह लेखक के विचार हैं)**

## विद्यार्थी परिषद ने निकाली रैली



नर्मदापुरम।. प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को भव्य शोभायात्रा निकाली।

**1 करोड 20 लाख की लागत से बनकर तैयार हुआ वार्ड**

## अस्पताल में अतिरिक्त भवन का किया लोकार्पण

**इटारसी।** शासकीय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल इटारसी में 1 करोड 20 लाख रुपये लागत अतिरिक्त वार्ड बनकर तैयार हो गया है।आज दोपहर जिले के प्रभारी मंत्री व लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह इस भवन का लोकार्पण कर रहे हैं। लोकार्पण समारोह में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, जनपद अध्यक्ष नर्मदापुरम भूपेंद्र चौकसे मुख्य रुप से मौजूद रहेंगे।

# वार्ड 33 में पार्क निर्माण प्रारंभ, नगर पालिका अध्यक्ष ने की कार्य की प्रशंसा

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

वार्ड क्रमांक 33 में अमृत 2.0 योजना के तहत 67 लाख रुपये से पार्क बना रहा है। इस कार्य का निरीक्षण नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष श्री चौरे यहां किए जा रहे कार्य की प्रशंसा की।

उल्लेखनीय है कि पार्क की बाउंड्रीवाल निर्माण की जा रही है। निरीक्षण के दौरान पूर्व पार्षद रमेश धूरिया भी मौजूद थे।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि निर्माण की गुणवत्ता अच्छी है। उन्होंने बताया कि खास



बात यहां यह है कि बाउंड्रीवाल की नींव हाथी पांव आधारित पद्धति पर डल रही है। जिससे बाउंड्रीवाल काफी मजबूत बनेगी। उन्होंने कहा कि अक्सर बाउंड्रीवाल टूट जाने, गिर जाने की शिकायत आती थी, लेकिन इस तरह बाउंड्री बनन से यह समस्या नहीं आएगी।

# पुलिस और वनकर्मियों पर पैसे लेकर सरकारी जमीन पर मकान बनवाने के आरोप

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

जिले के तेंदूखेड़ा ब्लाक के 27 मील पर प्रशासन के द्वारा शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाया गया था। अब इस मामले में अतिक्रमणकारी ने पुलिस और वन कर्मियों पर पैसों के लेनदेन के आरोप लगाए हैं। जिसके बाद एसडीएम के द्वारा इस मामले की जांच शुरू करवा दी है। कार्यवाही में तीन निर्माणधीन भवन और छह फाउंडेशन तहसीलदार द्वारा तोड़े गये थे। करीब 84 लाख रुपए की 40 डिसमिल जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई थी।

अब अतिक्रमणधारी ने उन लोगों के नाम खोले है जिन्होंने उससे पैसे लिए थे। तेंदूखेड़ा तहसीलदार की मौजूदगी में पंचनामा बनाया गया है। पंचनामा कार्रवाई में अतिक्रमणधारी हरिराम अहिरवार ने खुलासा किया है की अतिक्रमण करने की एवज में पुलिस को पैसा दिया गया। उसके बाद वन विभाग से एक डिप्टी रेंजर और वीटगार्ड पहुंचे उन्होंने भी निर्माण कार्य वन भूमि पर होना बताया और बाद में उन्होंने भी पैसा लिया। उसकी मांग है की अब उन कर्मचारियों से पैसा वापस दिलाया जाये जिन्होंने अतिक्रमण करने घर बनाने की एवज में पैसा लिया है। घर तो मेरा टूट गया इसलिए या तो उन सभी कर्मचारियों पर कार्यवाही हो यार फिर मुझे उस जमीन का पट्टा दिया जाये।

### ऐसे हुआ लेनदेन ?

अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान अतिक्रमणकरियों के परिजनों ने विरोध किया। उनका कहना था विभागीय कर्मचारियों ने पहले पैसे लिए है उसके बाद निर्माण होने दिया है। हरिराम पिता गुलाब अहिवाल ने बताया जैसे ही उन्होंने राजस्व विभाग पर मकान बनाना शुरू किया तो पुलिस आ गई। उन्होंने निर्माण कार्य क़ो अबैध बताया और बाद में तेंदूखेड़ा थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक गोस्वामी ने मुझे थाने बुलाया और पटवारी के नाम पर पैसे लिए। अतिक्रमणधारी ने यह पूरी जानकारी लिखित में दी है जिसका तहसीलदार की मौजूदगी में पचानामा बनाया गया है।
इस मामले में तेदुखेंडा एसडीएम सौरभ गंधर्व का कहना है कर्मचारी किसी भी विभाग का हो कार्यवाही होगी। वन परिक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल ने बर्दी की आड़ मे लिए पैसो क़ो लेकर आरोपों पर कहा कि मैं पूरे मामले की खुद जांच करूंगी उसके बाद जो निष्कर्ष निकलते है उसके बाद आगे कार्यवाही की जायेगी

## शिक्षा महाविद्यालय में प्रेरणादाई मार्गदर्शन कार्यक्रम

# युवा काव्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह में कवियों ने बांधा समां, श्रोता भावविभोर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर नर्मदा आव्हान सेवा समिति नर्मदापुरम व्दारा अखिल भारतीय काव्य महोत्सव व सम्मान समारोह में अतिथि के रूप में मालती राय महापौर नगर निगम भोपाल,विशिष्ट अतिथियों मे सुरेंद्र सौलंकी प्रदेश संगठन मंत्री सेवा भारती,वरिष्ठ साहित्यकार श्कांति श्रीवास्तव,दिनेश याज्ञनिक उपस्थित थे. प्रदेश के वरिष्ठ मंच संचालक कौशल सक्सेना ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की. देश के विभिन्न अंचलों से आए 35 युवा कवियों ने अपनी कविता, गीत, गजल ,ओज,हास्य,व्यंग्य की रचनाओं से श्रोताओं को भाव विभोर किया।

भोपाल महापौर मालती राय ने मुक्त कंठ से कार्यक्रम कि सराहना करते हुए कहा कि यूनेस्को द्वारा भोपाल को साहित्य नगरी घोषित किए जाने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस उपलब्धि से भोपाल शहर का गौरव



बढ़ेगा। आने वाले समय में भोपाल विश्व का साहित्यिक और सांस्कृतिक केंद्र बनेगा,साथ ही कवियों और साहित्यकारों को भोपाल में ही साहित्यिक गतिविधियों के लिए समुचित व्यवस्था उपलब्ध करवाई जा सकें इस दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र सौलंकी ने कहा की ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं,वो हम ही हैं जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है।

अध्यक्षता करते हुऐ कौशल सक्सेना ने कहा की कवियों-लेखकों के माध्यम से हमारे देश में जागरूकता में तेजी आई है।उन्होंने ने कहाँ देश मे एक मात्र नर्मदा आव्हान सेवा समिति ही ऐसी संस्था है जो निशुल्क कवि समागम करती है।स्वागत भाषण कैप्टिन करैया ने दिया।

अतिथि एवं कवियों का स्वागत केप्टिन करैया,हंस राय, डॉ. अशोक आजाद, सुनील केहरी, कुमार नितेश नैश,सुनीता पटैल डॉ.लीना सिंह परिहार,डॉ.प्रतिभा पटैल ने फूल-मालाओं से किया। नरसिंहपुर से आई मेघा मिश्रा द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से कवि सम्मेलन का प्रारंभ हुआ। कवि सम्मेलन दो सत्रों मे किया गया। प्रथम सत्र का कुशल संचालन सुनीता पटैल ने द्वितीय सत्र का सफल संचालन सुनील केहरी ने किया।अतिथो की उपस्थिति में नर्मदा आव्हान सेवा समिति के पदाधिकारियों ने युवा कवियों को शाल श्री फल,स्मृति चिन्ह युवा शब्द साधक प्रमाण पत्र से सम्मानित किया।

नागपुर से आयी माधुरी मिश्रा, छिंदवाड़ा के जय सांवरा, भोपाल की सुनीता पटैल, रायसेन के अतुल अलंकार,बैतूल के दीपक यदुवंशी,नर्मदपुरम के नवीन हरियाले,भोपाल की वंदना पटैल,मौसम कुमरावत बैगलोर,डाँ. मनीषा गिरी दिल्ली,अनामिका चौकसे नरसिंहपुर,राशि मिश्रा नागपुर,आदित्य मुकाती खरगोन, हरिओम गुप्ता भोपाल,महेश सुर्दशन मिश्रा कोतमा, रहेश वर्मा,सावन कुमार हरदा, चौरई,दीपक मेहरा देवनगर,विनीता धाकड़ बरेली, आशीष चौहान ,जितेंद्र सिंह ठाकुर बाड़ी,यशवंत निरिया छिंदवाड़ा रजनी टाटस्कर,सुमन कुशवाहा भोपाल आदि कवियों ने कविता पाठ करके वाह वाही लूटी.कार्यक्रम का संचालन कुमार नितेश नैश एंव आभार प्रर्दशन हंस राय ने किया.

# आयुष्मान योजना से डोलरिया की लिशा को मिली नई रोशनी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

सिवनी मालवा नर्मदापुरम जिले में आरबीएसके टीम डोलरिया द्वारा तवा कालोनी डोलरिया के राकेश हरियाले की 02 वर्षीय बालिका लिशा का 18 जून 2024 को आंगनबाड़ी केन्द्र में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बच्ची को जन्मजात मोतियाबिन्द होने की संभावना बताई गई एवं उपचार हेतु जिला चिकित्सालय के डीईआईसी. रिफर किया गया। डी. ई. आई. सी. में नेत्र सहायक सजल परसाई द्वारा परीक्षण उपरांत बालिका को जिला चिकित्सालय में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डी.सी. किंगर को दिखाया गया। चिकित्सक द्वारा जन्मजात मोतियाविन्द होने की पुष्टि की गई एवं उपचार हेतु उच्च संस्थान रिफर कर दिया गया। 15 जुलाई 2024 को बालिका के माता पिता बालिका को लेकर सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय भोपाल गये जहां परीक्षण करने पर बालिका की दोनों आंखों की सर्जरी हेतु लगभग 30000/- रूपये का व्यय बताया गया। चालिका के माता पिता की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण सर्जरी नहीं करा पाये एवं वापिस घर आ गये।





राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ( आर.बी.एस.के. ) टीम डोलरिया के चिकित्सक डॉ. शोहेल कुरैशी, डॉ ज्योति मंडलोई एवं श्रीमती भावना पालीवाल द्वारा बालिका के माता पिता से गृहभेंट के दौरान उनकी सभी समस्या सुनी और उन्हें आयुष्मान एवं आर.बी. एस. के. योजना के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी गई एवं पुनः डी.ई.आई.सी. रिफर किया गया। सीएमएचओ डॉ. दिनेश देहलवार के निर्देश पर डीईआईसी ने बालिका लिशा के संबंध में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय भोपाल से समन्वय स्थापित किया गया, जिस पर उक्त संस्था द्वारा बच्ची की सर्जरी आयुष्मान योजना से करने हेतु सहमति दी गई।

बालिका के माता पिता बालिका को लेकर 02 सितम्बर 2024 को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय भोपाल गये। जहां पर नेत्र चिकित्सा विषेषज्ञों द्वारा 03 सितम्बर 2024 को बायीं आँख एवं 14 सितम्बर 2024 को दायी आँख की सफल सर्जरी की गई। जिससे बालिका की आँखों के साथ साथ उसको जिन्दगी की रोशनी भी मिल गई। पिता राकेश हरियाले द्वारा बेटी के सफल ऑपरेशन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, सीएमएचओ डॉ. दिनेश देहलवार एवं आर.बी. एस. के. कार्यक्रम का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान योजना से नागरिकों को लाभ लिया जाना चाहिए। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ।

# नर्मदा घाट सफाई अभियान में शामिल हुए सांसद, घाट पर की पूजा-अर्चना

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का सेठानी घाट पर सफाई अभियान निरंतर जारी है। कड़कड़ाती ठंड में महासभा ने विवेकानंद जयंती पर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की । कार्यक्रम में सांसद दर्शन चौधरी, तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। सांसद श्री सिंह कहा कि श्रद्धा और समर्पण से कायस्थ महासभा घाटों की सफाई कर रही है। इस अनुकरणीय कार्य की सराहना करता हूं। उन्होंने घाट परिक्रमा वासियों व अन्य लोगों को कंबल वितरण किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद एक महान आध्यात्मिक दार्शनिक और राष्ट्रवादी थे। वह एक आध्यात्मिक गुरु थे जिन्होंने भारत में ही नहीं विदेश तक राष्ट्रीय चेतना और भारतीय संस्कृति को पहुंचाया और युवाओं को प्रोत्साहित किया।

सांसद ने कहा श्रद्धा और समर्पण से यह कार्य हो रहा है। संपूर्ण क्षेत्रवासियों को कायस्थ महासभा से सीख लेकर साफ-सफाई अभियान चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नदी में प्लास्टिक ना डालें, गाड़ी ना धोए, सामग्री ना फेंकें । विभिन्न संगठन



जन जागृति अमरकंटक से भड़ूच तक चला रहे हैं । उन्होंने कहा कि मैं सीएम का धन्यवाद देना चाहता हूं कि उनके द्वारा नर्मदा लोक बनवाया जा रहा है, इसके वर्कआउट हो रहे हैं । घाट सुंदर होगा, यहां की सुंदरता कायम रहेगी। यहां के लोग सुंदर हैं और मां की कृपा आप सब पर बनी रहे। सभी क्षेत्रवासी को इसमें शामिल होना चाहिए।महासभा के जिला अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव ने युवाओं से कहा कि वह अपनी ऊर्जा और क्षमता को पहचाने । सुमन वर्मा ने कहा कि आज हम यहां एक ऐसे महान व्यक्तित्व को स्मरण करने और उनके विचारों से प्रेरणा लेने के लिए एकत्रित हुए हैं जिनके जीवन में न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में को नई दिशा प्रदान की है। प्रीति खरे ने कहा स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। यह शब्द हर उसे व्यक्ति के लिए एक आव्हान है जो अपने जीवन में बड़े सपने देखता है।सेठानी घाट पर समाज के सभी नागरिक बंधुओ ने कंबल भी वितरण किए।

**मेट्रो एंकर** | नए रिजॉर्ट-होटल भी खुलेंगे

# टाइगर रिजर्व में बढ़ेगी बाघों की संख्या, पर्यटन को बढ़ावा देने की कोशिश

**मनीष मोदी /दमोह**

तीन जिले की सीमा क्षेत्र में फैले हुए व देश के 8वें सबसे बड़े वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के लिए साल 2025 बेहद महत्वपूर्ण रहने की उम्मीद है। यहां पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभाग के साथ पर्यटन विकास निगम ने भी काम शुरू कर दिया है।

इसके साथ यहां देश के बड़े-बड़े बिजनेसमैन भी रिजॉर्ट, होटल आदि के लिए जमीन तलाश रहे हैं। इसमें जबलपुर, भोपाल, इंदौर के साथ महानगर दिल्ली-मुंबई के उद्योगपति भी शामिल हैं। वहीं सबसे अच्छी बात यह है कि इस साल टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या में इजाफा होना भी तय माना जा रहा है यहां अब सैलानियों के लिए बफर जोन ओपन करने की तैयारी है। बफर जोन ओपन होने के बाद सैलानी बारिश के दौरान जंगल के प्राकृतिक नजारों के साथ अन्य वन्यजीवों की अठखेलियों का भी लुफ्त उठा सकेंगे।



उल्लेखनीय है कि वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व पहले भेड़ियों के गढ़ में रूप में पहचाना जाता था। टाइगर रिजर्व बनने के पहले अभयारण्य के मोनो पर भी भेड़िया का ही चित्र अंकित था।

दमोह सागर एवं नरसिंहपुर तक 2339 वर्ग किलोमीटर तक फैला यह देश का 8वां सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। यहां बाघों के लिए 1414 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र संरक्षित कर कोर एरिया घोषित किया गया है। यहां बाघों का कुनबा तेजी से बढ़ा है। 2018 में एक बाघ व एक बाघिन को छोड़ा गया था और पिछले 6 साल में इनकी संख्या बढ़कर 23 हो गई है, यानी यहां 6 साल में 11 गुना बाघ बढ़े हैं। भविष्य में बढ़ने की संभावना है।

### हरदुआ में बनेगा वाइल्ड लाइफ रिजॉर्ट

वहीं दूसरी ओर टाइगर रिजर्व में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अब मप्र पर्यटन विभाग भी आगे आ गया है पर्यटन विभाग ने प्रशासन से टाइगर रिजर्व की सीमा से लगे हरदुआ गांव में वाइल्ड लाइफ रिजॉर्ट तैयार करने के लिए जमीन की मांग की है जमीन पर रिजॉर्ट के साथ अन्य पर्यटन संबंधी गतिविधियां संचालित करेंगा यह गांव टाइगर रिजर्व से गुजरने वाले रहली जबलपुर मुख्य मार्ग पर है

### पर्यटन को बढ़ावा देने की कोशिश

टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है वहीं हम सैलानियों की सुविधाओं को बढ़ाते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं

–डॉ एए अंसारी उप संचालक वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व

# विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2025 में पीएम के समक्ष लटेरी के अभिषेक ने दिया प्रेजेंटेशन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

■ **चार चरण की कठिन चयन प्रक्रिया के उपरांत चयनित होकर क्षेत्र के नाम रोशन करने पर विधायक उमाकांत शर्मा ने दी शुभकामनाएं**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने लटेरी के बीस साल के युवक अभिषेक सुमन ने युवा दिवस के मौके पर दस मिनट का प्रजेंटेशन देकर सिरोंज लटेरी विधानसभा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

केंद्र सरकार के आव्हान पर राष्ट्रीय स्तर पर चार चरणों में आयोजित हुई चयन प्रक्रिया में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2025 कार्यक्रम में दस विषयों के लिए बीस युवाओं ने अपना प्रजेंटेशन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य संबंधित केंद्रीय मंत्रियों तथा अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में देश भर के करीब 30 लाख युवाओं ने भाग लिया था। कृषि में उत्पादकता बढ़ाना विषय पर अपना कौशल दिखाने वाले अभिषेक सुमन की इस कामयाबी पर विधायक उमाकांत शर्मा ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। दिल्ली विश्व विद्यालय से राजनीति शास्त्र में ग्रेजुएशन कर रहे अभिषेक सुमन से दूरभाष पर हुई चर्चा में बताया कि विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है इस बार केंद्र सरकार ने युवाओं प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि,विरासत, संस्कृति सहित दस चयनित विषयों के लिए चार चरण में अपना बेहतर प्रजेंटेशन देने के लिए आमंत्रित किया था।

पहले तीन चरण में इन युवाओं को ऑनलाइन सेमेस्टर प्रक्रिया से गुजरना था इसके बाद चौथे चरण में भोपाल में





विशेषज्ञों के समक्ष सीधे चयन प्रक्रिया से जुझारना पड़ा था। जिसके बाद प्रत्येक विषय से तीन तीन चयनित युवाओं को दिल्ली भेजा गया। इसी तरह देश के पूरे प्रदेशों तथा केंद्र शासित प्रदेशों से तीन तीन के दल में चयनित युवक युवतियां दिल्ली पहुंचे। दिल्ली में आयोजित फाइनल चयन प्रक्रिया में प्रत्येक विषय के दो दो युवाओं का चयन युवा दिवस के अवसर पर भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष प्रजेंटेशन देने के लिए किया गया।

विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2025 के अंतर्गत 12 जनवरी युवा दिवस के मौके पर लटेरी के रहने वाले अभिषेक सुमन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य अतिथियों के सामने कृषि में उत्पादकता बढ़ाना विषय पर दस मिनट का प्रजेंटेशन दिया। जिसे मोदी जी गंभीरता से सुनकर केंद्र सरकार की कृषि नीतियों में शामिल करने का आश्वासन दिया। अभिषेक ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी से हुई सीधी चर्चा में उन्होंने मुझे अपने क्षेत्र में किसानों को जैविक खेती को बढ़ावा देने के साथ किसानों को जागरूक बनाने के साथ केंद्र सरकार की योजनाओं के लिए जनजागरण करने को कहा है।

उनके अलावा उक्त विषय पर तमिलनाडु की प्रक्षा का चयन हुआ था। इसके अलावा उक्त पूरे कार्यक्रम में मध्यप्रदेश से कुल तीन युवाओं का चयन हुआ था उनके अलावा स्टार्टअप विषय में जबलपुर की जिज्ञासा जैन तथा मेंकिंग इंडिया विषय में इंदौर के अंतरिक्ष जैन शामिल हैं।

### पिता ने सब्जी, कुल्फी बेचकर बच्चों को बनाया प्रतिभावान

तीन भाईयों में सबसे छोटे 20 वर्ष के अभिषेक सुमन ने बताया कि लटेरी में उनके पिता मुन्नालाल सुमन की थोड़ी सी खेती की भूमि है जिसमें परिवार का गुजारा बड़ी मुश्किल से होता था तो पिताजी ने सब्जी बेचकर तथा कुल्फी का ठेला लगाकर तीनों भाइयों को उच्च शिक्षित करने तथा हमें आधुनिक शिक्षा दिलाने के लिए कड़ा संघर्ष किया। 2017 में बड़े भाई की सरकारी नौकरी लगने के बाद घर के हालत सुधरे। आज इनके बड़े भाई सागर में ड्रग इंस्पेक्टर तथा मँझले भाई भोपाल में हैड कांस्टेबल हैं। दिल्ली विश्व विद्यालय से कृषि विषय से ग्रेजुएशन कर रहे अभिषेक ने बताया कि बचपन से पिता को परंपरागत खेती करते देखते थे तो लगता था कि इस क्षेत्र में ओर क्या क्या कर सकते है। जिससे छोटे किसान खेती में लाभ भी कमा सकें तथा विषैली दवाओं का भी उपयोग कम से कम कर सकें। उन्होंने बताया कि स्थानीय विधायक उमाकांत शर्मा ने उनकी प्रतिभा को देखकर हमेशा प्रोत्साहित किया है। 2021 में जब उनका सीयूईटी का पेपर देकर चयन हुआ तब विधायक शर्मा ने ही आगे आकर उनकी शिक्षण फीस भरने में आर्थिक मदद भी की तथा दिल्ली में रहने का इंतजाम भी करवाया। विगत दिनों दिल्ली जाने से पूर्व आठ जनवरी को वह उनका आशीर्वाद लेकर ही गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने अपना प्रजेंटेशन देना तथा उनसे मार्गदर्शन मिलना जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

## कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में कर्मचारियों को दिए त्वरित कार्य करने के निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन आवेदनों को हल्के में ना लें : कलेक्टर सिंह

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान विभागो के अधिकारियों खासकर सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों को निराकृत करने में आशातीत लक्ष्यों की पूर्ति नहीं कर रहे है। उन विभागो के अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों को हल्के में ना लें अन्यथा नौकरी में दिक्कत आ सकती है।

कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व विभाग के आवेदनों के निराकरणो में कमी ना होने पर असंतोष जाहिर करते हुए राजस्व अधिकारियों से कहा कि निराकरण के प्रयास दिख रहे है। अनावश्यक रूप से ख्याति पुलाव ना बनाएं, वस्तुस्थिति से ही अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक में स्कूली विद्यार्थी भी मौजूद है और उनके सामने बी, सी ग्रेड की बात करना कतई उचित नहीं है। अतः निराकरण की ओर विशेष ध्यान दें और ए ग्रेड में शामिल रहें। उन्होंने सभी एसडीएमो को निर्देशित किया है कि तहसीलदार, नायब तहसीलदार को हर रोज के लक्ष्य दें और उनके प्रयासो की समीक्षा अनिवार्य रूप से करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएमो से कहा कि वे स्वप्रेरणा से समीक्षात्मक बैठके आयोजित कर अनुविभाग क्षेत्र के आवेदनो के निराकरण मामलो को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरा कराएं। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज ऐसी शिकायते जिनकी अवधि पचास दिवस हो गई है उन शिकायतो का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से मासिक ग्रेड की रैकिंग शिकायतो के साथ कराया जाना सुनिश्चित करें।



### फार्मेट में जानकारी दें

कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन के आवेदनो की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग तहत दर्ज आवेदनो की जानकारी हर रोज निर्धारित फार्मेट में जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है जिसमें इस बात का उल्लेख रहेगा कि आज दिनांक को किन-किन शिकायतकर्ताओं से संवाद किया गया और निराकरण के लिए क्या प्रयास किए गए है। रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से अंकित कर जमा करेंगे।

कलेक्टर श्री सिंह ने समीक्षात्मक बैठक में ऐसे आवेदन जिन्हें फोर्सक्लोज किया गया है उन सभी में जबाव एक समान ना हो का विशेष ध्यान देते हुए कार्यवाहियां प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिले में यूरिया की उपलब्धता व वितरण, अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित विषयों के समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।

कलेक्टेउट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक में शासकीय सीएम राइज उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नटेरन की कक्षा 11वीं की छात्रा कुमारी केतन रघुवंशी और दीपक राज शामिल हुए और प्रशासनिक प्रक्रिया, बैठक एवं आवेदनों के निराकरण इत्यादि की जानकारियां प्राप्त की। कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यार्थियों से परिचय प्राप्ति के उपरांत भविष्य में क्या बनना चाहते है को जाना है। कक्षा 11वीं कला संकाय की छात्रा कुमारी केतन रघुवंशी ने एनडीआरएफ में जाने तथा विज्ञान संकाय के छात्र दीपक राज ने डाक्टर बनकर सभी की सेवा करने से अवगत कराया। लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा पीएम जनमन, खाद एवं बीज की आपूर्ति, भण्डारण एवं वितरण, जल मिशन के कार्य, स्वास्थ्य विभाग के कार्य व आयुष्मान पखवाडा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण की स्थिति, खनिज, परिवहन, आबकारी एवं पंजीयन विभाग की राजस्व प्राप्ति और उनके साप्ताहिक निरीक्षण कार्यो की जानकारियां प्राप्त की गई है।

बैठक में आंगनबाडी भवनो, एएनसी पंजीयन, सीएम राइज स्कूल भवनो की प्रगति, संजीवनी क्लिनिक, पीएम विश्वकर्मा योजना, सीखो कमाओ योजना, चरनोई भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने, स्वामित्व योजना तथा खाद्य सुरक्षा सेम्पलिंग व पांच वर्ष तक के बच्चो के आधार कार्ड बनाए जाने तथा अवैध कालोनियों पर की जा रही कार्यवाही इत्यादि की भी समीक्षा की गई है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर के अलावा संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर समेत विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहें वहीं खण्ड स्तरीय अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संवाद किया गया।

## स्कूल में यातायात जागरुकता शिविर: सावधानी से रोक सकते हैं सड़क हादसे



**गंजबासौदा।** शहर यातायात पुलिस ने सोमवार को स्थानीय सैंट एसआरएस पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल में यातायात जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। जिसमें यातायात निरीक्षक आशीष राय ने छात्र छात्राओं को सड़क यातायात के नियम और यातायात के संकेतों के बारे में जानकारी दी। और वहीं विद्यार्थियों के सवालों के संतोषजनक जवाब दिए। सड़क यातायात के नियम, यातायात के संकेत और सड़क हादसों के कारणों को समझाया। इस दौरान राय ने बताया की जागरुकता और सावधानी से अधिकांश सड़क हादसों को रोका जा सकता है। सड़क हादसों में ज्यादा मौतें होती हैं। इसका प्रमुख कारण आम लोगों में यातायात नियमों के प्रति अज्ञानता एवं लापरवाही का होना है। यातायात निरीक्षक राय ने बताया कि अक्सर लोग सड़क हादसों में घायलों की मदद करने से कतराते हैं। वे पुलिस की पूछताछ से डरते हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश और सरकार की मंशा अनुसार यदि हम मदद कर किसी की जान बचाते हैं तो आपको गणतंत्र दिवस पर पुरस्कृत भी किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान संस्था डायरेक्टर केएस यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव सहित शिक्षकों ने यातायात पुलिस दल को शाल श्रीफल और संस्था का स्मृति चिन्ह भेंटकर निरीक्षक आशीष राय सहित आरक्षक राकेश और पंकज को सम्मानित किया।

## स्कूल में वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**गंजबासौदा।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में वार्षिक उत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने आकर्षक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव विशेष अतिथि में नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी,राजेश तिवारी एसडीएम विजय राय उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य एमसी शर्मा ने किया। छात्रों की प्रस्तुति मोबाइल बुरी लत,और कब्बाली को खूब तालियां मिली इसी तरह छात्राओं की स्वच्छ भारत,महिला सशक्तिकरण,अनेकता में एकता, और लव कुश काण्ड की शानदार प्रस्तुति देखने को मिली कार्यक्रम का संचालन दिनेश ओझा एवं छात्रा नैना पांडे और रूपेश अहिरवार ने किया। अनिल दुबे ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।



## भेरूदा में पत्रकारों के खिलाफ झूठी एफआईआर के विरोध में मध्य प्रदेश मीडिया संघ ने सौंपा ज्ञापन

■ **प्रदेश के मुख्यमंत्री से एफआईआर पर खात्मा लगाने की मांग**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश मीडिया संघ तहसील सिरोंज के अध्यक्ष सलमान अमीन के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी को एक ज्ञापन सोपा । ज्ञापन में लेख किया है कि दिनांक 28 ध्12ध् 2024 को लाडकुई रेंज के वन विभाग के कुछ कर्मचारियों द्वारा जंगल से जप्त सागौन की सिल्ली एवं अवैध कटाई करके एक बिना नंबर की बोलोरो पिकअप वाहन के द्वारा ले जा रहे थे। उसी अनुचित परिवहन को देखकर भैरौदा जिला सीहोर के पत्रकार ने अपने मोबाइल कैमरे से वीडियो बनाए जाने पर वन विभाग के कारनामों को दबाने के लिए पत्रकारों के विरुद्ध झूठी एफआईआर दर्ज कर दी गई। पत्रकार रियाज खान नसीफ मंसूरी आमीन मंसूरी अनीश मंसूरी के खिलाफ जो एफआईआर दर्ज की गई है उसको मध्य प्रदेश मीडिया संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि एफआईआर पर खात्मा लगाया जाए । इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सलमान अमीन नसीम खान सलमान खान अब्दुल अलीम रिंकू सुमन ऋषि शर्मा पुरन साहू आदि लोग उपस्थित रहे ।



## कलेक्टर की मौजूदगी में डायबिटीज प्रिवेंशन से अवगत हुए अधिकारी और कर्मचारी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की मौजूदगी में सोमवार को जिलाधिकारियों के लिए डायबिटीज प्रिवेंशन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था उक्त कार्यशाला में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शशि मिश्रा, सुश्री निकिता तिवारी समेत विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला में एडल्ट न्यूट्रीशन, प्रोटीन काउन्ट एवं टाइप 1/2 डायबिटीज प्रिवेंशन के संबंध में अवगत कराया गया है।

कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित कार्यशाला में व्हील्स ग्लोबल फाऊंडेशन आईआईटी मुंबई सहायतित पायलट प्रोजेक्ट प्रशिक्षण कार्यशाला को एनआईटी मुम्बई के प्रोफेसर डाक्टर रूपल दलाल ने कार्यशाला में मानव को स्वस्थ रहने के लिए खान-पान के प्रमुख तत्वो और उनके नियंत्रण के गुढ उपायो पर गहन प्रकाश डाला जिला अधिकारियों एवं उनके सहयोगियों में जीवन शैली, बीमारीयों के प्रति संवेदिकरण उत्पन्न करने हेतु एडल्ट न्यूट्रीशन, प्रोटीन काउन्ट एवं टाइप -1/2 डायबिटीज प्रिवेंशन के संबंध में जानकारी सांझा की। कार्यशाला में अधिकारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया है।



**मेट्रो एंकर** खाद की कालाबाजारी के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# रासायनिक खाद एवं यूरिया तथा नकली दवाएं बेचने वाले दोषियों पर कार्यवाही हो

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

भारतीय किसान संघ ने बीते दिनों एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को दिया है। ज्ञापन में कहा गया कि भारतीय किसान संघ 45 वर्षों से किसानों की समस्या को सरकार तक पहुंचाकर उनका निराकरण कराने के लिये तत्पर रहा है इसी तारतम्य में मांग है कि रासायनिक खाद एवं यूरिया की काला बाजारी बंद हो तथा संपूर्ण तहसील के किसानों को पर्याप्त खाद बीज उपलब्ध हो नकली खाद व कृषि उपयोग की नकली दवाओं पर प्रतिबंध लगाया जाये एवं दोषियों पर सख्त कार्यवाही जाये।

### गोहे व शासकीय रास्ते अतिक्रमण मुक्त हों

किसानों के खेतों पर जाने के रास्ते ग्रेवल सड़क से बनाये जावे तथा संपूर्ण तहसील के प्रत्येक गांव के गोहे व शासकीय रास्ते अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त किये जायें।

### जिला सहकारी बैंक में वसूली की तिथि 31 मार्च की जगह 31 मई की जाए

जिला सहकारी बैंक 0 प्रतिशत वसूली की अंतिम तारीख 31 मार्च है जिसको बड़ाकर 31 मई स्थायी की जाये जिससे प्रतिवर्ष तारीख बड़ाने की मांग न करना पड़े। भाजपा के घोषणा पत्र में गेहूं को 2700 रूपये समर्थन मूल्य पर खरीदने की घोषणा की थी इसको पूरा किया जाये एवं वर्तमान में मसूर की समर्थन मूल्य पर खरीदी प्रति हेक्टेयर 13 क्विटल है इसको बड़ाकर 20 क्विंटल प्रति हेक्टेयर किया जाये।ग्राम पंचायतों द्वारा जो गौशालायें बनाई गई हैं वो अधिकांश बंद पड़ी हैं उनको सुचारू रूप से चालू किया जाये और निराश्रित गायों को आश्रय दिया जावे जिससे किसानों की फसल बर्बाद होने से बचेगी और सड़कों पर घूम रही गाय और आम जनता एक्सीडेंट से बचेगी।

संघ ने कहा बासौदा के चारों तरफ से मंडी आने वाली ट्रालियों से अनाज की बोरी चोरी होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाया जाये तथा कृषि मंडी में धर्मकांटे से तुलाई की व्यवस्था में सुधार किया जाये। सिंचाई हेतु पंपलाईन को लोड सेटिंग या परमिट के नाम पर जो बिजली काटी जा रहीं है तथा दिन में चार से पांच घंटे ही बिजली मिल पा रहीं है उसकी भरपाई की जाए।



# कपिल देव बोले- कोहली व रोहित को अपना भविष्य खुद तय करने दीजिए

## खुद से बुमराह की तुलना पर कहा- हम अलग-अलग दौर के गेंदबाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कपिल देव भारत को पहला वर्ल्ड कप दिलाने वाले कप्तान हैं। उन्होंने इंडिया को 1983 वर्ल्ड कप जिताया था। पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने कहा है कि विराट और रोहित बहुत बड़े खिलाड़ी है और खेल में अपने भविष्य का फैसला उन्हें खुद करने दीजिए। कपिल से रोहित-कोहली के भविष्य पर सवाल किया गया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खराब प्रदर्शन के बाद कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी विराट कोहली के भविष्य को लेकर कई अटकलें लगाई जा रही हैं।

कोहली 9 पारियों में एक शतक के साथ 190 रन ही बना सके। वे बार-बार ऑफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर कैच आउट हुए। कप्तान रोहित शर्मा के आंकड़े और खराब रहे। वे 3 मैचों की 5 पारियों में महज 31 रन ही बना सके। रोहित को खराब फॉर्म के कारण खुद को सिडनी टेस्ट से ड्रॉप करना पड़ा था। इसके बावजूद भारत को 5 मैच की सीरीज 1-3 से गंवानी पड़ी। भारतीय टीम को अपना अगला टेस्ट इस साल जून महीने में इंग्लैंड दौरे पर खेलना है, लेकिन भारतीय क्रिकेट जगत में सुपटस्टार कल्चर को पीछे छोड़ने की बात उठ रही है।

**कप्तान के दावेदारों पर कपिल ने कहा-** इस में किसी तरह का विवाद नहीं होना चाहिए। जो मौजूदा कप्तान (रोहित शर्मा) हैं, वे भी किसी की जगह आए थे। जो भी कप्तान



हो उसे पूरा समय मिलना चाहिए।

**बुमराह से तुलना पर बोले-** खेल में तुलना करना ठीक नहीं कपिल ने अपनी गेंदबाजी से मौजूदा गेंदबाजों की तुलना करना सही नहीं समझा। उन्होंने ने कहा, खेल में तुलना करना ठीक नहीं है। दो अलग-अलग दौर के खिलाड़ियों की तुलना नहीं की जानी चाहिए। आज के दौर में खिलाड़ी एक दिन में 300 रन बना लेते है, लेकिन हमारे जमाने में ऐसा नहीं होता था। कपिल ने 1991-92 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 284 ओवर गेंदबाजी की थी, लेकिन बुमराह अपने अलग तरह के एक्शन के कारण जल्दी चोटिल हो गए। वे लगभग 150 ओवर गेंदबाजी कर सके और 32 विकेट झटके। टीम को इस दौरे पर चोटिल मोहम्मद शमी की भी कमी खली।

**टी-20 के सिलेक्शन पर कहा-** आलोचना नहीं करना चाहता इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत जैसे आक्रामक बल्लेबाजों को शामिल नहीं करने पर कपिल ने कहा- मैं दूसरों के फैसले के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता हूं। सिलेक्टर्स ने कुछ सोच समझ कर टीम का चयन किया है। मैं कुछ कहूंगा तो शायद उनकी आलोचना करना होगा। मैं आलोचना नहीं करना चाहता हूं।

# रणजी के प्रैक्टिस सेशन में शामिल हुए रोहित

## गिल के पंजाब से खेलने की भी संभावना

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा मंगलवार को मुंबई रणजी टीम के प्रैक्टिस सेशन में शामिल हुए। यह सेशन वानखेड़े स्टेडियम के सेंटर विकेट पर हुआ। रोहित के प्रैक्टिस सेशन में शामिल होने से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि वह रणजी के दूसरे लेग में मुंबई की ओर से खेल सकते हैं। हालांकि, रोहित ने मुंबई टीम मैनेजमेंट से उनके रणजी में खेलने की पुष्टि नहीं की है। रोहित इन दिनों बांद्रा में चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए प्रैक्टिस कर रहे हैं। वहीं, शुभमन गिल पंजाब के लिए खेलते नजर आ सकते हैं।

रोहित ने 2015 में आखिरी बार खेला था रणजी रोहित मुंबई के लिए आखिरी बार साल 2015 में खेले थे। मुंबई को मौजूदा रणजी सीजन का अपना अगला लीग राउंड का मैच जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 23 जनवरी से खेलना है। गौतम गंभीर और सुनील गावस्कर ने सीनियर्स खिलाड़ियों को रणजी खेलने की दी थी सलाह पहले न्यूजीलैंड और फिर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में हारने के बाद टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर ने भारत के सीनियर खिलाड़ियों के घरेलू क्रिकेट खेलने पर जोर दिया था।

पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर और कोच रह चुके रवि शास्त्री ने भी प्लेयर्स को घरेलू क्रिकेट की बात कही थी। गावस्कर और पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने कहा था कि इंग्लैंड टूर का टीम चयन से पहले खिलाड़ियों को रणजी में खेलना चाहिए और सिलेक्शन कमेटी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे काउंटी में खेलें।



### टेस्ट क्रिकेट में लगा चुके हैं 12 शतक

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले रोहित शर्मा न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ भी बुरी तरह से फ्लॉप नजर आए थे। रोहित शर्मा ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 10.93 के एवरेज से 3, 9,10, 3 और 6 रन बनाए। इसके बाद भारतीय कप्तान ने खुद को सिडनी में आखिरी टेस्ट से बाहर रखने का फैसला किया था। रोहित ने भारतीय टीम के लिए टेस्ट में साल 2013 में डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने 67 टेस्ट मुकाबलों में कुल 4301 रन बनाए हैं, जिसमें 12 शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। शुभमन गिल ने खेले थे 3 मैच शुभमन गिल ने क्लन्नअ में केवल तीन मैच खेले थे। 18.60 की औसत से 93 रन बनाए।

# इंडिया ओपन आज से शुरू उम्मीदें सात्विक-चिराग पर

**नईदिल्ली. एजेंसी**



भारत ने मंगलवार से शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना सबसे बड़ा दल उतारा है लेकिन नजरें कुछ जाने पहचाने नामों खासकर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर टिकी होंगी। भारतीय खिलाड़ियों को पिछले दो सत्रों से इस टूर्नामेंट में सफलता नहीं मिली है। सात्विक-चिराग पहले राउंड में मलेशिया के वेइ चोंग मैन और केइ वुन ती से भिड़ेंगे। वहीं पीवी सिंधू महिला एकल के पहले दौर के मैच में अनुपमा उपाध्याय से मुकाबला करेंगी। एचएस प्रणय चीनी ताइपे के लि यांग से खेलेंगे।

### यूएफा नेशंस लीग: आयरलैंड को 5-0 से हराया

# इंग्लैंड ने दूसरे हाफ में दागे पांच गोल, शीर्ष पर कब्जा

**लंदन. एजेंसी**

हैरी केन की अगुवाई में इंग्लैंड की फुटबॉल टीम ने आयरलैंड के खिलाफ यूएफा नेशंस लीग मुकाबले में 5-0 से धमाकेदार जीत दर्ज की। रोचक बात यह है कि पहले हाफ तक मैच में एक भी गोल नहीं हुआ था, लेकिन दूसरे हाफ में इंग्लिश टीम ने दनादन अंदाज में पांच गोल कर एकतरफा जीत हासिल कर ली। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड लीग बी के ग्रुप-2 में शीर्ष पर पहुंच गया है। इंग्लैंड की ओर से इस मैच में हैरी केन ने 53वें, एंथनी गोर्डन ने 55वें, कोनोर गेलाघर ने 58वें, जेरोड बावेन ने 76वें और टेलर हारवुड-बेलिस ने 79वें



### एड्रियन के दो गोल, फ्रांस ने इटली को 3-1 से दी शिकस्त

मिनट में गोल किए। एक अन्य मैच में फ्रांस ने इटली को 3-1 से हरा दिया। फ्रांस की जीत में एड्रियन रेबियट ने दो गोल किए। रेबियट ने ये दोनों गोल हैडर के जरिए किए। रेबियट ने मैच के दूसरे ही मिनट में फ्रांस को 1-0 की बढ़त दिला दी थी। जिसे इटली के गुग्लिल्मो विकारियो ने 33वें मिनट में आत्मघाती गोल कर दुगुना कर दिया। इटली ने भी एंड्रिया कैम्बियारो के 35वें मिनट में किए गए गोल से खाता खोला। लेकिन रेबियट ने 65वें मिनट में एक और गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।

# भारत ने मलेशिया को 4-0 से दी शिकस्त



**पटना।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई चैंपियनशिप में शानदार आगाज किया और पहले मैच में मलेशिया को 4-0 से शिकस्त दी। मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम के लिए सर्वाधिक दो गोल संगीता कुमारी ने किए। उन्होंने आठवें और 55वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया। वहीं, प्रीति दुबे ने 43 और उदिता ने 44वें मिनट में गोल दागा। भारतीय टीम ने शुरुआत से ही मलेशिया पर दबाव बनाया। भारतीय टीम का अगला मुकाबला दक्षिण कोरियाई टीम से होगा। टूर्नामेंट के अन्य मुकाबलों में चीन ने थाइलैंड को 15-0 से करारी शिकस्त दी। हालांकि जापान को दक्षिण कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।



## मेट्रो बाजार

# देश की आधी युवा महिलाओं के पास न तो काम और न ही कौशल

### 36 फीसदी से अधिक राजस्थानी, तो 44.3 फीसदी मप्र की महिलाएं न तो रोजगार में और न ही कोई प्रशिक्षण ले रहीं

**नईदिल्ली. एजेंसी**

ऊर्जा से भरपूर देश की करीब आधी युवा महिलाएं किसी भी उत्पादक गतिविधि में शामिल नहीं हैं। वे न तो पढ़ रही हैं, न रोजगार में हैं और न ही कोई प्रशिक्षण ले रही हैं। सांख्यिकी मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, युवा आबादी के एक बड़े हिस्से के पास न तो कोई काम है और न ही वे खुद को निखार रहे। सांख्यिकी मंत्रालय की वार्षिक माड्यूलर सर्वेक्षण 2022-23 (कैम्स रिपोर्ट) के मुताबिक, 15 से 29 साल की करीब 44.6 फीसदी महिलाओं के पास कोई काम नहीं है। वो कुछ भी ऐसा नहीं कर रहीं, जिससे हुनरमंद या आत्मनिर्भर बन सकें। वहीं इसी



आयुवर्ग में 8 फीसदी पुरुषों का भी यही हाल है। यह आंकड़ा इसलिए ज्यादा चिंताजनक है, क्योंकि 15-29 वर्ष का आयु वर्ग ऐसा है, जिसमें भारत में सबसे ज्यादा युवा हैं। एक अनुमान के अनुसार, देश में करीब 38 करोड़ की आबादी इस आयु वर्ग में है, जिनमें 48 फीसदी आबादी महिलाओं की मानें तो देश में 15 से 29 साल की 18.5 करोड़ युवतियां हैं। इनमें से 44.6 फीसदी खाली या प्रशिक्षण से दूर हैं। इसका मतलब 8 करोड़ से भी अधिक युवतियां कुछ भी ऐसा नहीं कर रही हैं, जो अर्थव्यवस्था को मजबूती देता हो। यह संख्या जर्मनी की पूरी आबादी के बराबर है। शहर हो या गांव, महिलाओं की स्थिति एक समान है। ग्रामीण क्षेत्र में 8.4 फीसदी युवा और 46.6 फीसदी युवतियां उपरोक्त तीन में से किसी एक गतिविधि में शामिल नहीं हैं। शहरी क्षेत्रों में ऐसे युवा 7.1 फीसदी और युवतियां 39.8 फीसदी हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह रिपोर्ट दर्शाता है कि अब भी शिक्षा में महिलाओं के साथ भेदभाव की खाई गहरी है। यदि वह शिक्षित नहीं होंगी तो उसके अगले चरणों प्रशिक्षण और रोजगार में भी वे पीछे ही रहेंगे।

# गिरते रुपए के बीच सोना हफ्तेभर में 2,000 चढ़ा, रुपए की बदहाली नहीं रुक रही...

**मुंबई. एजेंसी**



रुपए में जारी गिरावट और डॉलर के लगातार मजबूत होने से सोने की चमक बढ़ी है। रुपए में आई गिरावट सोने के आयात को महंगा कर देती है। गोल्ड की कीमतों में सोमवार को लगातार 5वें दिन तेजी देखने को मिली। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क कॉन्ट्रैक्ट 78,766 के ऊपरी स्तर पर पहुंच गया, जो 6 जनवरी को 76,563 रुपए प्रति 10 ग्राम के निचले स्तर तक चला गया था। वहीं आइबीजेए के मुताबिक, देशभर के सर्राफा बाजारों में सोमवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 78,350 रुपए पर रहा। इसमें 3त्न जीएसटी जोड़ने पर कीमतें 80,700 रुपए पर पहुंच गई। यानी एक हफ्ते में ही इसकी कीमतें करीब 2000 रुपए बढ़ी है। 2025 में सोने में करीब 3त्न तेजी आई है। आरबीआइ ने रुपए की गिरावट को थामने के लिए स्पॉट और फॉरवर्ड बाजार में डॉलर की बिक्री की है, जिससे देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 634.6 अरब डॉलर पर आ गया। शेयर बाजार से विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण भी रुपया कमजोर हुआ है। आरबीएल बैंक के ट्रेजरी हेड अंशुल चंदक ने कहा कि रुपए की गिरावट कुछ समय तक जारी रह सकती है। जब तक कि सेंट्रल बैंक कुछ उपायों की घोषणा नहीं करता। रुपया 88 तक गिर सकता है।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# आमिर खान बोले- 'पठान' में ट्रेन सीक्वेंस ने युवा अभिनेताओं को किया निराश!

*आमिर खान ने फिल्म 'पठान' में शाहरुख खान और सलमान खान के ट्रेन सीक्वेंस पर बात की है। अभिनेता को सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म पर चुटकी लेते देखा गया है। आमिर खान इन दिनों अपनी अगली फिल्म सितारे जमीन पर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच सुपरस्टार कई इंटरव्यू का हिस्सा बनते और दिलचस्प खुलासे किए इसी कड़ी में अब आमिर ने सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित साल 2023 की फिल्म 'पठान' को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है।*

आमिर खान ने फिल्म में शाहरुख खान और सलमान खान के ट्रेन सीक्वेंस पर बात की, साथ ही कुछ ऐसा कह दिया जिससे हर कोई दंग रह गया। अभिनेता आमिर खान ने हाल ही में 'पठान' में शाहरुख खान और सलमान खान के ट्रेन सीक्वेंस पर टिप्पणी की। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि इस सीन ने कई युवा अभिनेताओं को थोड़ा निराश कर दिया होगा। आमिर ने कहा, मुझे वह सीन वाकई में मजेदार लगा। आमिर खान ने अपने बयान में जोड़ा, मैंने वह फिल्म नहीं देखी है, लेकिन मैंने वह सीन देखा है। आपको आजकल इंस्टाग्राम वगैरह पर क्लिप मिल जाती हैं, इस तरह मैंने वह सीन देखा। यह काफी मजेदार है। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट ने दोनों की हरकतों के बारे में बात करना जारी रखा। उन्होंने कहा, सभी युवा अभिनेता इस सीन को देखने के बाद थोड़े निराश जरूर हुए होंगे। हालांकि, आप सलमान और शाहरुख से भी निराश नहीं हो सकते हैं इसलिए क्या ही कर सकते हैं। बताते चलें कि इस एक्शन सीन में शाहरुख और सलमान खलनायकों से लड़ने के बाद आराम से बैठकर इस बात पर चर्चा करते हैं कि उनके बाद भारतीय सिनेमा की बागडोर कौन संभालेगा?



### आमिर खान का वर्कफंट

काम के मोर्चे पर, आमिर खान को आखिरी बार साल 2022 की फिल्म लाल सिंह चड्ढा में देखा गया। इसमें करीना कपूर, मोना सिंह और नागा चैतन्य भी मुख्य भूमिका में हैं। अभिनेता इन दिनों फिल्म सितारे जमीन पर काम कर रहे हैं। चर्चा है कि उन्होंने लोकेश कनगराज की फिल्म में भी काम करने का मन बनाया है।

# धोखा मिलने के बाद किरण के प्यार में पड़े अनुपम खेर, बोले- *यह एक कहानी है...*

अनुपम खेर ने खुलासा किया कि वह और उनकी पत्नी, अभिनेता और राजनीतिज्ञ किरण खेर, प्यार में पड़ने और शादी करने से पहले 10 साल तक सबसे अच्छे दोस्त थे। अनुपम खेर इन दिनों अपनी फिल्म विजय 69 को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। अभिनेता अपने अभिनय करियर के शुरुआती सालों के संघर्षों के बारे में खुलकर बात करने से कभी नहीं कतराते। अब हाल ही में, अभिनेता ने किरण राव के साथ अपनी प्रेम कहानी को लेकर खुल कर बात की है। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है। लगभग 40 साल से शादीशुदा यह कपल चंडीगढ़ में अपने कॉलेज के दिनों में दोस्त बना था। हालांकि, उन्हें शायद ही पता था कि उनकी दोस्ती सालों बाद रोमांस में बदल जाएगी। अपने-अपने असफल रिश्तों से उबरने के बाद, अनुपम और किरण ने एक-दूसरे की संगति में सुकून पाया और उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई। जैसा कि अनुपम ने बताया उनके खास दिन की शुरुआत गुड़गांव के एक आश्रम में एक साधारण शादी समारोह से हुई थी। अनुपम खेर ने याद किया, गुड़गांव में एक आश्रम है, वहीं हमारी शादी हुई। इससे पहले मैं पुणे में एक फिल्म की शूटिंग कर रहा था और मैं एक दिन पहले ही शादी के लिए गुड़गांव पहुंच गया था।



# अमिताभ ने निम्रत कौर को लिखी चिट्ठी, अभिनेत्री के घर भेजा गुलदस्ता



अभिषेक बच्चन यूं तो इन दिनों अपनी आगामी फिल्म आई वांट टू टॉक को लेकर खबरों में हैं। मगर इसके साथ-साथ चर्चा में वे अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी छाए हुए हैं। निम्रत कौर के साथ उनका नाम जोड़ा जा रहा है। इस बीच एक पुरानी चिट्ठी वायरल हो रही है, जो कभी अमिताभ बच्चन ने निम्रत कौर को लिखी। अभिषेक बच्चन और निम्रत कौर के कथित लिंकअप की खबरें इन दिनों सुर्खियों में हैं। दोनों का नाम जोड़ा जा रहा है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में तो ऐसे दावे भी किए गए कि अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के बीच तलाक की नौबत आ गई है। हालांकि, फिलहाल सब अफवाह है और इन्हीं अफवाहों के बीच अमिताभ बच्चन की एक पुरानी चिट्ठी वायरल हो चली है। इसमें बिग बी ने निम्रत कौर की जमकर तारीफ की है। निम्रत कौर और अभिषेक बच्चन ने फिल्म दसवी में साथ काम किया। साल 2022 में आई इस फिल्म में निम्रत का अभिनय अमिताभ बच्चन को इतना पसंद आया कि वे तारीफ करने से खुद को नहीं रोक सके। उन्होंने निम्रत के लिए हाथ से चिट्ठी लिखकर उनकी तारीफ की। चिट्ठी के साथ साथ ही उन्होंने अभिनेत्री के घर फूलों का गुलदस्ता भी भेजा। अमिताभ बच्चन ने निम्रत की तारीफ करते हुए लिखा, हमारी मुश्किल से ही बातचीत या मीटिंग हुई होगी। यश राज फिल्म्स के इवेंट में पिछली बार शायद एक एड के लिए कॉम्प्लिमेंट दिया था। लेकिन दसवीं में आपका काम बहुत शानदार है...बारीकियां, जेस्चर, सबकुछ। मेरी तरफ से बहुत बधाई और काम के लिए सराहना। बिग बी से मिली तारीफ के बाद निम्रत की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने बाकायदा इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर खुश जताई। उन्होंने लिखा, मैं जब 18 साल पहले मुंबई आई, तो ये कल्पना करना मुश्किल था कि किसी दिन अमिताभ बच्चन मुझे मेरे नाम से जानेंगे। हमारी मुलाकात को याद करेंगे और मेरे एड के लिए मेरी तारीफ करेंगे।

## बर्थ-डे के लिए फोटोग्राफर को बुलाया फिर गांजा तस्करी का आरोप लगाकर लूटपाट



**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित देवलखेड़ा बायपास पर चार बदमाशों ने विदिशा के फोटोग्राफर के साथ मारपीट करते हुए उसका मोबाइल, कैमरा, ट्रायपोट व बाइक लूट ली। यह वारदात शनिवार शाम की है। फोटोग्राफर से कैमरे, ट्रायपोर्ट व बाइक छीन ले गए बदमाश वारदात से तीन दिन पहले आरोपियों ने उसे बर्थडे पार्टी में फोटो और वीडियोग्राफी करने बुलाया था। बताए समय के अनुसार जब फोटोग्राफर पहुंचा तो आरोपियों ने उस पर गांजा तस्करी का आरोप लगाते हुए उससे लूट की वारदात की। बैरसिया पुलिस ने लूट की धाराओं के तहत चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी पुलिस की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से लटेरी जिला विदिशा निवासी अजय कुशवाह पिता राधेश्याम कुशवाह (21) पेशे से फोटोग्राफर है और शादी व बर्थडे पार्टी आदि के कार्यक्रमों में आर्डर पर फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी करता है। विगत 8 जनवरी को कुछ लोगों ने उसे बैरसिया कस्बे में 11 जनवरी को होने वाली जन्मदिन पार्टी में फोटो और वीडियोग्राफी के लिए बुलाया। अजय तैयार हो गया। अजय 11 जनवरी की शाम अपनी बाइक से कैमरे व अन्य सामान लेकर बैरसिया बस स्टैंड पर पहुंच गया। वहां उसे एक युवक मिला और वह अजय की बाइक पर बैठ गया। युवक उसे देवलखेड़ा बायपास रोड पर ले गया। उसने कहा कि बर्थडे पार्टी देवलखेड़ा गांव में है। अजय उसके साथ चल दिया। देवलखेड़ा बायपास पर पहुंचते ही बाइक सवार तीन बदमाश पीछा करते हुए वहां पहुंचे और अजय कुशवाह को डराने-धमकाने लगे। वे कहने लगे कि तुम गांजा बेचते हो और गांजे की सप्लाई करने यहां आए हो।

## निशातपुरा में ठेकेदार की हत्या करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित उमराव कॉलोनी, जनता नगर में शनिवार शाम घर में घुसकर ठेकेदार की हत्या करने वाले मुख्य आरोपी सहित उसके बेटे और अन्य को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पिता पुत्र सहित तीन गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी पुलिस के अनुसार उमराव कॉलोनी करोंद निवासी इरफान अंसारी (32) ठेकेदार थे। इन दिनों उनके भाई रईस अंसारी के मकान में कंस्ट्रक्शन चल रहा है। इरफान मकान की छत डालने से लेकर अन्य काम करवा रहे थे। शनिवार दोपहर सेंट्रिंग प्लेट की एक बल्ली बाहर की ओर पड़ोस में रहने वाले भैया उर्फ काला के बिजली के तार पर गिर गई। तार टूटने से नाराज भैया भैया काला और उसके बेटे अरशू का ठेकेदार से विवाद हो गया। उस समय कुछ लोगों ने समझाइश देकर मामला शांत करा दिया था। शाम होते ही भैया काला और उसके पुत्र अरशू ने अपने साथियों के साथ घर में घुसकर इरफान अंसारी पर चाकू और छुरी से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी भैया काला सहित उसके बेटे अरशू और कम्मू को गिरफ्तार किया है।

### आउटर पर खड़ी ट्रेनों में घुसकर यात्रियों का बैग चुराने वाला बदमाश गिरफ्तार

# गिरोह के सरगना समेत तीन सदस्यों की तलाश जारी, पांच लाख का माल बरामद

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**निशातपुरा आउटर पर खड़ी ट्रेनों में यात्रियों के बैग, लैपटाप, मोबाइल, ट्रॉली बैग समेत अन्य सामान चुराने वाले गिरोह के सदस्य को भोपाल जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। गिरोह का सरगना समेत तीन अन्य सदस्य फरार हैं। गिरफ्तार आरोपी के पास से चुराए गए 4 ट्राली बैग, 8 मोबाइल, 6 लैपटाप, 2 घड़ियां समेत पांच लाख रुपए का माल जब्त किया है।**





जीआरपी टीआई जहीर खान ने बताया कि मूलतः सूरत, गुजरात निवासी आकांक्षा सोमनाथ एक्सप्रेस से सूरत से भोपाल की यात्रा कर रही थीं। उन्होंने भोपाल स्टेशन आने से पूर्व अपना ट्राली बैग गेट के पास लाकर रख दिया। जब ट्रेन आरिफ नगर आउटर पर धीमी हुई तो कोई अज्ञात बदमाश उनके दोनों ट्राली बैग चोरी कर फरार हो गया। बैग में तीन सोने की अंगूठी दो कीमती घड़ी थीं।

### पुलिस ने की रैकी तो पकड़ाया बदमाश

चोरी की घटनाओं के बाद चोर को पकड़ने के लिए जीआरपी की टीम ने निशातपुरा आउटर पर नजर रखी। रात 12 बजे से 5 बजे तक पुलिसकर्मी रैकी करते रहे। इस बीच पता चला कि शारदा नगर नारियलखेड़ा निवीसी 29 साल का आसिफ अली आरिफ नगर ब्रिज के पास रात में अक्सर आता है। पुलिस ने उसके घर के आसपास के फुटेज खंगाले। जिसमें वह रात में दो बैग ले जाते हुआ नजर आया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी। वह घर में मिल गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह फैजान काला के लिए चोरी करता है। फैजान उसे उमर खान, फैजान बच्चा को ट्रेनों में चोरी करने के लिए भेजता है। उसकी निशानदेही पर अन्य आरोपियों के घर में दबिश देकर करीब 5 लाख रुपए कीमती चोरी का सामान बरामद किया गया है। पुलिस ने आसिफ को रिमांड पर लिया है। उसने अभी तक पांच वारदातें कबूली हैं।

### 12 से पांच बजे के बीच करते थे वारदात

आरोपी आसिफ ने पूछताछ में बताया कि उसकी गैंग रात 12 से 5 बजे के बीच चोरी की वारदात करती थी। आरिफ नगर ब्रिज के पास वह रेलवे ट्रैक के किनारे खड़े रहते थे।

जैसे ही ट्रेन आउटर में रुकती हैं, वैसे ही एक बदमाश ट्रेन में सवार हो जाता है। गेट के पास रखे ट्राली बैग को चोरी कर उतर आता है। रात होने की वजह से यात्रियों को इसका पता नहीं चलता।

## जहर खाकर महिला ने दी जान



भोपाल, दोपहर मेट्रो

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित खेड़ा कल्याणपुर में एक महिला ने जहर खा लिया। पति उसे ईंटखेड़ी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था। वहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उनका मानसिक संतुलन करीब एक साल से बिगड़ा हुआ था। और परिजन मनौचिकित्सक के पास उनका इलाज भी करा रहे थे। पुलिस के अनुसार फूलबाई गुर्जर पति करण सिंह गुर्जर (33) गांव खेड़ा कल्याणपुर में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति खेती किसानी करता है। करण सिंह गुर्जर ने पुलिस को बताया कि रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे फूलबाई ने गेहूं में रखने वाली जहरीली गोली खा ली। उल्टियां करने पर पति उसे तत्काल ईंटखेड़ी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था। वहां फूलबाई की रात करीब 12 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई।

**मनोचिकित्सक के पास चल रहा था इलाज**

## विक्रमादित्य कॉलेज में 108 एम्बुलेंस सेवा का जागरूकता शिविर लगाया

**भोपाल।** विक्रमादित्य कॉलेज के रातीबड़ कैंपस में 108 एम्बुलेंस सर्विस की फर्स्ट एड ट्रेनिंग कार्यक्रम के तहत् जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 108 एम्बुलेंस सर्विस के वरिष्ठ प्रबंधक तरूण सिंह, डॉ. राजीव जैन, मनुज पाण्डेय, मुख्य अतिथि अमितेन्द्र नारोलिया एवं संस्था की डायरेक्टर डॉ. दीपिका नारोलिया के करकमलों से दीप प्रज्जवलित कर किया। तरूण सिंह के द्वारा 108 एम्बुलेंस के प्रकार जैसे 108 एम्बुलेंस सर्विस, जननी एक्सप्रेस, 104 हेल्थ हेल्पलाइन एवं इमरजेंसी रिस्पोंस सेंटर होते हैं।

## सड़क से गुजरने की बात पर विवाद में व्यापारी समेत तीन पर चाकू से हमला

**स्टेशन बजरिया स्थित जैन मंदिर शंकराचार्य नगर की घटना**

भोपाल, दोपहर मेट्रो



स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित जैन मंदिर के पास शंकराचार्य नगर में रविवार शाम बाइक सवार तीन बदमाशों ने किराना व्यापारी पर चाकू से हमला कर दिया। उसे बचाने परिचित पहुंचा तो आरोपियों ने उस पर भी चाकू से हमला किया है। इस जानलेवा हमला में परिचित के भाई को भी चोट आई है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार तरुण जैन पिता कचरूमल जैन (26) जैन मंदिर के पीछे शंकराचार्य नगर में रहते हैं। इलाके में किराना दुकान का संचालन करते हैं। रविवार शाम करीब साढ़े 6 बजे वह दुकान के पास ही खड़े थे। उनके साथ संदीप साहू और उसका भाई भी था। इस दौरान वहां से अविनाश बौद्ध, अमित उर्फ छोटी और पुन्नी का बाइक से निकलना हुआ। तीनों नशे में धुत थे और लापरवाही पूर्वक बाइक चला रहे थे। तरुण ने उन्हें रोककर ठीक से गाड़ी चलाने की सलाह दी। इस पर वह भड़क गए और तरुण से कहने लगे कि तू सड़क पर क्यों खड़ा है। कहासुनी के बाद विवाद बढ़ा और आरोपियों ने तरुण पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू तरुण के सिर में लगा है और उसे गंभीर चोट आई है। तरुण को बचाने के प्रयास में संदीप साहू और उसके भाई को भी चाकू लगा है। पुलिस ने तरुण की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास काम मामला दर्ज कर लिया है।

### टीवी कलाकार ऐश्वर्या सहित 44 कायस्थ प्रतिभाओं का सम्मान

**भोपाल ।** कायस्थम भोपाल द्वारा आगामी शुक्रवार 17 जनवरी को शाम रविंद्र भवन में आयोजित 卐कायस्थम- 2025卐 के आयोजन में 13 विभिन्न कैटेगरी की 45 कायस्थ प्रतिभाएं सम्मानित होंगी। संस्था अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव के अनुसार प्रसिद्ध टीवी कलाकार ऐश्वर्या खरे को कायस्थ गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा। इनके अलावा समाज के बुजुर्ग, प्रशासन, शौर्य/पराक्रम, चिकित्सा, पत्रकारिता, उद्योग व व्यवसाय,शिक्षा, कला एवं संस्कृति, साहित्य, समाज सेवा, विधि सेवा, विज्ञान और खेल से जुडी प्रतिभाओं का सम्मान भी होगा।इनमें वयोवृध्द 95 वर्षीय पूर्व आयुक्त नगर निगम देवीसरन, वन विभाग के पूर्व अधिकारी 92 वर्षीय घनश्याम सक्सेना, पूर्व आईएस अजातशत्रु श्रीवास्तव, प्रदीप खरे सेवानिवृत व ओम प्रकाश श्रीवास्तव, दीपक सक्सेना जबलपुर समेत अनिल सक्सेना, भूमि श्रीवास्तव समेत अन्य क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान होगा।




**मेट्रो एंकर** मामूली कहासुनी कार में तोड़फोड़, मारी टक्कर

## डिवाइडर से टकराकर पलटी, इंजीनियर समेत तीन गंभीर

भोपाल, दोपहर मेट्रो

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित शिवहरे ढाबा 11 मील पर इंजीनियर की कार में तोड़फोड़ करने और फारर्च्युनर से टक्कर मारने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, ढाबे के पास कार सवार इंजीनियर और उनके दोनों साले से फारर्च्युनर सवार युवकों की मामूली कहासुनी हुई थी। कहासुनी के बाद आरोपियों ने इंजीनियर की कार में तोड़फोड़ कर दी और चलती कार में फारर्च्युनर से टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से इंजीनियर की कार पलट गई थी और उन्हें और दोनों सालों को गंभीर चोट आई थी।



थाना प्रभारी नीरज वर्मा ने बताया कि 33 साल के कुशल श्रीवास्तव, सौभाग्य नगर सेमरा में रहते हैं और इंजीनियर हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रविवार रात वह अपने साले शनि गुप्ता तथा अंकित गुप्ता के साथ शिवहरे ढाबा 11 मील खजूरी आए थे। ढाबा पर खाना खाने के बाद वह पार्किंग में खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे थे। रात करीब साढ़े 12 बजे के आसपास पार्किंग में खड़ी फारर्च्युनर कार में सवार तीन लोगों ने उन्हें कहा कि यहां क्यो खड़े हो। इस पर कुशल ने कहा कि हम आपसे बात नहीं कर रहे है आपस में बातचीत कर रहे हैं।

### कहासुनी के बाद मारपीट, कार में तोड़फोड़

मामूली कहासुनी के बाद फॉरर्च्युनर सवार तीनों युवकों ने कुशल श्रीवास्तव और उनके साले के साथ मारपीट शुरू कर दी। ढाबा संचालक और अन्य लोगों ने दोनों पक्षों का विवाद शांत कराया। इसके बाद कुशल श्रीवास्तव अपने सालों के साथ कार से निकल गए। फार्च्युनर कार में बैठे एक व्यक्ति ने कुशल की कार में पत्थर मारकर कार का पिछ्ला कांच तोड़ दिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने फारर्च्युनर से उनकी कार को कार को ओवरटैक किया और फ्रंट ग्लास पर डंडा मारकर तोड़ दिया।

### भैंसाखेड़ी के पास मारी टक्कर

आरोपियों से बचकर इंजीनियर उनके साले आगे भैंसाखेड़ी की तरफ बढ़ने लगे तो आरोपियों ने लापरवाही पूर्वक फॉरर्च्युनर गाड़ी चलाते हुए उनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी। कार में टक्कर लगने से कार डिवायडर पर चढ़कर स्ट्रीट लाइट के पोल से टकराते हुए सड़क की दूसरी ओर पलट गई। इस हादसे में कुशल श्रीवास्तव और उनके साले शनि समेत अंकित को गंभीर चोट आई हैं। पुलिस ने आरोपी विशाल मीना पिता हमीर सिंह मीना (29) राम मंदिर के पीछे ग्राम बैरागढ़कलां, अविनाश मीना पिता हमीरसिंह मीना (26) बैरागढ़कलां और राजू नागर पिता मूरतसिंह नागर (25) गांव बकानिया, खजूरी सड़क भोपाल को गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज करते हुए फॉरर्च्युनर गाड़ी जब्त की गई है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022